आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

# दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 अंक : 177 हापुड़, सोमवार 13 जनवरी 2025 RNI.NO. UPHIN/2020/86789 मूल्य:03 पेज: 06

## दस साल में भाजपा ने झुग्गियों को तोड़कर तीन लाख लोगों को बेघर किया - केजरीवाल



नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि पिछले 10 साल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कई झुग्गियों को तोड़ा और तीन लाख से अधिक लोगों को बेघर किया। श्री केजरीवाल ने रविवार को यहाँ शकूरबस्ती के रेलवे झुग्गी कैंप का दौरा कर कहा कि जैसे-जैसे दिल्ली विधानसभा का चुनाव नजदीक आता जा रहा है, भाजपा की झुग्गीवालों के प्रति मोहब्बत बढ़ती जा रही है। भाजपा के नेता झुग्गियों में जाकर सो रहे हैं। इससे पहले पांच-दस साल नहीं सोए। पिछले महीने भर से भाजपा के नेता झुग्गियों में जाकर सो रहे हैं। इनको झुग्गीवालों से प्यार नहीं है। भाजपा तो अमीरों की पार्टी हैं। इनको झुग्गीवालों से क्या लेना-देना है। ये लोग तो झुग्गीवालों को कीड़े-मकोड़े समझते हैं। इनको चुनाव में झुग्गीवालों के वोट चाहिए और चुनाव के बाद झुग्गीवालों की जमीन चाहिए। उन्होंने कहा, शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली के कई इलाकों से झुग्गीवालों को बुलाया था। वहां अमित शाह ने चुन-चुन कर मुझे गालियां दीं। अमित शाह देश के गृहमंत्री हैं और गृहमंत्री के पद की एक गरिमा होती है। एक गृहमंत्री जो शब्द इस्तेमाल करता है, उसकी मर्यादा रहनी चाहिए। हमें गृहमंत्री अमित शाह से कोई द्वेष नहीं है, वह जो कहना चाहें, कहें। मैं राजनीति में अपने मान-सम्मान के लिए नहीं आया। मैं राजनीति में जनता और देश के मान सम्मान के लिए आया हूं।आप नेता ने कहा कि श्री शाह का कहना है कि वह जहां झुग्गी-वहां मकान देंगे। हम भी मानते हैं कि जहां झुग्गी वहां मकान होना चाहिए लेकिन यहां भाजपा वाले यह नहीं बता रहे हैं कि किसका मकान? जहां झुग्गी वहां इनके दोस्त का मकान, जहां झुग्गी वहां बिल्डरों के मकान। ये लोग जहां झुग्गी वहां झुग्गीवालों के मकान नहीं कह रहे हैं, बल्कि ये कह रहे हैं कि जहां झुग्गी वहां इनके दोस्त का मकान। पूरी दुनिया जानती है कि इनका एक ही दोस्त है। भाजपा की झुग्गीवालों की जमीनों पर नजर है और इन जमीनों को अपने दोस्त को देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार आए हुए 11 साल हो गए। इन 11 सालों में इन्होंने झुग्गीवालों के लिए केवल 4700 मकान बनाए हैं। इनमें तीन हजार मकान कालकाजी में बनाया और 1700 मकान अशोक विहार में बनाए हैं। दिल्ली में चार लाख झुग्गियां हैं। अगर इन्होंने 10 साल में मात्र 4700 मकान बनाए हैं, तो दिल्ली के हर झुग्गीवाले को मकान देने में एक हजार साल लगेंगे।

इनको कुल चार लाख मकान बनाने हैं। ये लोग झूठ बोल रहे हैं। इनको मकान नहीं बनाने हैं। इन लोगों ने पूरी प्लानिंग कर रखी है। ये लोग अगले पांच साल में दिल्ली के एक-एक झुग्गी को तोड़कर लोगों को बेघर कर देंगे, उनको सड़क पर ले आएंगे। श्री केजरीवाल ने श्री शाह को चुनौती देते हुए कहा कि पिछले 10 साल में आपने जितने झुग्गी वालों को बेघर किया है, वे सारे मामले अदालत में हैं, उन सारे मामलों को अगले 24 घंटे में वापस ले लें। दिल्ली के जितने झुग्गी वालों के खिलाफ आपने केस कर रखे हैं, उन्हें वापस ले लें। उन्होंने कहा कि श्री शाह ने जिन-जिन लोगों को उजाड़ा था, उन सभी को वापस उसी जमीन पर लाकर बसा दें तो वह (श्री केजरीवाल) चुनाव नहीं लड़ेंगे।उन्होंने कहा, मैं एक आम आदमी हूं। मैं इन्हीं लोगों की वजह से राजनीति में आया था। अगर मेरी वजह से इन लोगों की जान और घर बच जाते हैं तो मेरा चुनाव से क्या लेना-देना है। आप इनके मकान बनाकर दिखाओ मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा। अगर ये ऐसा नहीं करते हैं तो मैं चुनाव लड़ूंगा और मैं इनके लिए ढाल बनकर खड़ा रहूंगा। मैं देखता हूं कि भाजपा वाले इनकी झुग्गियां कैसे तोड़ते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री ने अर्पित की स्वामी विवेकानन्द को भावभीनी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामी विवेकानन्द की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित की और कहा कि वह युवाओं के लिए एक शाश्वत प्रेरणा, युवा मन में जुनून और उद्देश्य को प्रज्वलित करते रहते हैं। श्री मोदी ने 'एक्स' पर कहा, स्वामी विवेकानन्द को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। युवाओं के लिए एक शाश्वत प्रेरणा, वह युवा मन में जुनून और उद्देश्य को प्रज्वलित करते रहते हैं। हम एक मजबूत और विकसित भारत के उनके दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में जयशंकर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे

नई दिल्ली । अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में विदेश मंत्री एस जयशंकर भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। विदेश मंत्रालय ने आज यहां एक बयान में कहा कि अमेरिका की ट्रम्प-वेंस उद्घाटन समिति के निमंत्रण पर, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार यात्रा के दौरान विदेश मंत्री आने वाले अमेरिकी प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ-साथ उस अवसर पर अमेरिका का दौरा करने वाले कुछ अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ भी मुलाकात करेंगे।

### भजनलाल ने नई दिल्ली में शेखावत से की मुलाकात

नई दिल्ली । राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नई दिल्ली में केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात की। श्री शर्मा की श्री शेखावत के साथ यह शिष्टाचार भेंट थी। इस दौरान राजस्थान में पर्यटन विकास, सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण, कला एवं संस्कृति के प्रोत्साहन तथा पर्यटन अवसंरचना के विकास पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। इससे पहले मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भी मुलाकात कर राजस्थान में विकास और जनकल्याणकारी परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की।

## सीएम योगी ने पीआरडी जवानों को दिया तोहफा, 500 रुपये प्रतिदिन करने की घोषणा की



लखनऊ । स्वामी विवेकानंद भारत माता के ऐसे सपूत थे, जिन्होंने भारत की प्राचीन आध्यात्मिक संस्कृति को वैश्विक मंच तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका का निर्वहन किया था। उन्होंने 1893 में शिकागो समिट के जरिये दुनिया को भारत के महत्व, यहां की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के बारे में बताया था। स्वामी विवेकानंद अक्सर कहा करते थे कि जितनी बड़ी चुनौती हो, जीत उतनी ही शानदार होती है। यह युवाओं के लिए प्रेरणा है। उनकी इसी प्रेरणा को आत्मसात करके युवा आगे बढ़ रहे हैं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोकभवन के सभागार में स्वामी विवेकानंद जयंती पर आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस पर कहीं। सीएम योगी ने पीआरडी के 35 हजार से अधिक जवानों का मानदेय प्रतिदिन 500 रुपये करने की घोषणा की। सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्रीय महोत्सव में प्रदेश के 63 नौजवानों ने भाग लिया था। इनमें से तीन ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया। प्रदेश के युवाओं के सामने कभी पहचान का संकट था, लेकिन आज यहां का युवा अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहा है। सीएम ने कार्यक्रम में राज्य स्तरीय स्वामी विवेकानंद यूथ अवार्ड के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया। सीएम ने प्रांतीय रक्षक दल के मृतक जवानों के चयनित आश्रितों को चयन पत्र भी सौंपा। साथ ही एआई आधारित एकीकृत पोर्टल युवा साथी का शुभारंभ किया, जिसका उपयोग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से एकीकृत कर युवाओं को और अधिक उपयोगी बनाने के लिए किया जाएगा। सीएम ने युवा पीढ़ी को आगाह करते हुए कहा कि जो युवा अपनी जवानी में नशे की चपेट में आ जाए, उसका कोई भविष्य नहीं हो सकता है। नशा नाश का कारण बनता है। युवाओं को नशे के खिलाफ लड़ना होगा। इसके लिए युवक मंगल दल और महिला मंगल दल को भी आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि देश में टीबी के खिलाफ अभियान चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2025 तक टीबी को देश से समाप्त करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए मरीजों को चिह्नित करने के साथ फ्री उपचार और दवा दी जा रही है। सीएम ने कहा कि देश वर्ष 2047 में दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरेगा। उस दिशा में हम सभी को सामूहिक प्रयास करना चाहिए। सीएम योगी ने पीआरडी के मृतक जवानों के आश्रितों को चयन पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि 1948 में पीआरडी का गठन किया गया था। सीएम योगी ने पीआरडी के जवानों के विभिन्न प्रशिक्षण पर जोर देते हुए कहा कि आपदा के समय उनकी बड़ी भूमिका हो सकती है। सीएम ने कार्यक्रम में पीआरडी के जवानों का मानदेय 500 रुपये प्रतिदिन करने की घोषणा की। सीएम योगी ने पीआरडी के मृतक जवान के आश्रित बस्ती के मो. अमीर, बस्ती की कमला देवी, कानपुर नगर के माधव अवस्थी, अमरोहा के भूपेंद्र और फतेहपुर के चंद्रशेखर को चयन पत्र सौंपा। इसके अलावा विवेकानंद युवा अवार्ड के तहत झांसी के अर्शप्रीत सिंह, बागपत के अमल, गोरखपुर की अर्पिता सिंह, चंदौली के अजीत कुमार सोनी, प्रतापगढ़ के सुंदरम तिवारी, बरेली के सत्यदेव आर्य, गाजीपुर के सिद्धार्थ राय, उन्नाव के अक्षय शुक्ला, बुलंदशहर के आर्यन गौड़ आदि को प्रमाण पत्र और चेक देकर सम्मानित किया। वहीं युवक मंगल दल अंबेडकर नगर के प्रवीण कुमार गुप्ता और अंकित गुप्ता, सिद्धार्थनगर के अभिषेक कुमार यादव और अरविंद कुमार यादव, वाराणसी के प्रिंस चौबे और अनिल विश्वकर्मा के साथ महिला मंगल दल जालौन की प्रवीणा, रामपुर की स्वाति, लखनऊ की अशिंका यादव और स्वाति यादव आदि को प्रमाण पत्र और चेक देकर सम्मानित किया गया।

## गन प्वाइंट पर चुनाव जीतने की कोशिश हो तो कार्यकर्ता लें फैसला - अखिलेश यादव



लखनऊ । समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मिल्कीपुर उपचुनाव में जीत का दावा करते हुए कहा कि उनकी पार्टी हर हाल में चुनाव जीतेगी। लेकिन अगर गन प्वाइंट पर चुनाव जीतने की कोशिश की गई तो उनके कार्यकर्ता उस समय जो फैसला ले सकते हैं, वह लें, इस बात को मन में रखें। रविवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव लखनऊ में विवेकानंद की जयंती पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मिल्कीपुर उपचुनाव पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर चुनाव में गन प्वाइंट पर गड़बड़ी की गई तो मैं अपने कार्यकर्ताओं से कहूंगा, उस समय जो फैसला ले सकते हैं, लें। भाजपा ने अपने विभागों के लूटने वाले मंत्रियों को वहां ड्यूटी पर लगाया है। सपा मुखिया ने कहा कि इस बात को अपने मन में रखें, इंडिया गठबंधन मजबूत है और मजबूत रहेगा। जिस राज्य में भाजपा के खिलाफ जो क्षेत्रीय दल मजबूत है, उसका साथ दिया जाना चाहिए। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महाकुंभ में गंगा स्नान को लेकर कहा कि वह गंगा स्नान के लिए जाते रहे हैं। इसकी फोटो भी मैं शेयर कर सकता हूं। जो भाजपा नेता आरोप लगा रहे हैं, वह अपनी फोटो भी शेयर करें। कुछ पुण्य के लिए गंगा स्नान करते हैं, कुछ दान और कुछ पाप धोने जाते हैं। वो (भाजपा) पाप धोने के लिए जाएंगे, और हम पुण्य के लिए। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद से युवाओं को सीखना, जानना और प्रेरणा लेना बहुत जरूरी है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि धर्म से ज्यादा हमें रोटी की जरूरत है। कन्नौज की घटना पर बोलते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि अंग्रेजों के जमाने के जो रेलवे स्टेशन बने हुए हैं, वह आज भी वैसे के वैसे ही मजबूत दिखाई दे रहे हैं। कन्नौज की घटना में बड़े पैमाने पर मजदूर दबे, भगवान की कृपा है कि किसी की अभी तक जान नहीं गई है। हमें उम्मीद है कि सरकार कन्नौज हादसे में घायलों का इलाज कराएगी।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम प्रकाश बिड़ला ने किया लंदन में बीएपीएस नेस्डन मंदिर का दौरा



नई दिल्ली । लोकसभा अध्यक्ष ओम प्रकाश बिड़ला ने लंदन के प्रसिद्ध बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर का दौरा किया। इसे नेस्डन मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। ओम बिड़ला की 11 जनवरी की यह यात्रा उनके आधिकारिक यूके दौरे का हिस्सा थी, जो हाउस ऑफ कॉमन्स के स्पीकर लिंडसे हॉयल के निमंत्रण पर आयोजित हुई थी। मंदिर में श्री बिड़ला का पारंपरिक हिंदू तरीके से स्वागत किया गया। यह स्वागत बीएपीएस स्वामिनारायण संस्था के आध्यात्मिक गुरु महंत स्वामी महाराज की ओर से मंदिर के संतों ने किया। दौरे के दौरान, ओम बिड़ला ने मंदिर के पवित्र दर्शन किए और मूर्तियों का अभिषेक किया। उन्हें बीएपीएस के भारत में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों और यूके व यूरोप में हो रहे प्रेरणादायक विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें पेरिस, फ्रांस में बन रहा नया बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर भी शामिल है। फरवरी 2022 में, बिड़ला के नेतृत्व में भारतीय सांसदों का एक दल अबू धाबी में बन रहे बीएपीएस मंदिर के निर्माण स्थल पर गया था। उसी साल, ओम बिड़ला ने नई दिल्ली स्थित स्वामिनारायण अक्षरधाम में महंत स्वामी महाराज से भेंट की थी। इस अवसर पर ओम बिड़ला ने कहा, ये मंदिर केवल आध्यात्मिक, धर्म और संस्कृति की ही प्रेरणा नहीं देता, बल्कि मानवता की सेवा की प्रेरणा भी देता है। बीएपीएस संगठन ने दुनिया के अंदर भारतीय धर्म और संस्कृति को पहुंचाने के काम किया। बीएपीएस यूके के ट्रस्टी संजय कारा ने कहा, हम ओम बिड़ला के आभारी हैं कि उन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच मंदिर का दौरा किया। यह हमारे लिए गर्व का क्षण था और भारत व यूके के बीच संबंधों को और मजबूत करने का अवसर भी था। बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था एक अंतर्राष्ट्रीय आध्यात्मिक संगठन है, जो संयुक्त राष्ट्र से मान्यता प्राप्त है। इसका उद्देश्य दुनिया में आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक उत्थान करना है। इस संस्था से 80,000 से अधिक स्वयंसेवक और 5,025 केंद्र जुड़े हैं, जो लाखों लोगों की सेवा करते हैं। महंत स्वामी महाराज के नेतृत्व में, बीएपीएस एक ऐसा समाज बनाने का प्रयास करता है जो शांति, सद्भाव और नैतिकता पर आधारित हो। यह संस्था वेदों की शिक्षाओं और भगवान स्वामिनारायण (1781-1830) की विचारधारा पर आधारित है। साथ ही, यह स्वामी महाराज (1921-2016) की प्रेरणा से प्रेरित है, जिन्होंने सिखाया-दूसरों की खुशी में ही हमारी खुशी है। यूके में, बीएपीएस को सबसे बड़े और सक्रिय हिंदू समुदायों में से एक माना जाता है। नेस्डन मंदिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध है और बीएपीएस की पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## धनखड़ ने युवाओं से किया खुद पर विश्वास करने का आह्वान

नई दिल्ली । उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने युवाओं से खुद पर विश्वास करने का आह्वान करते हुए कहा है कि वे देश के आर्थिक, औद्योगिक, वाणिज्यिक और व्यावसायिक परिदृश्य का लोकतंत्रीकरण करने जा रहे हैं। श्री धनखड़ ने हरियाणा के गुरुग्राम में मास्टर्स यूनियन के चौथे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश में एक बहुत ही साधारण बात है कि हम बहुत जल्दी किसी को आदर्श बना देते हैं और उसका प्रतीक बना देते हैं। उन्होंने कहा, हम कभी नहीं पूछते कि वह एक महान वकील क्यों हैं, वह एक महान नेता क्यों हैं, वह एक महान डॉक्टर क्यों हैं, वह एक महान पत्रकार क्यों हैं। हम बस यह मान लेते हैं कि यह है...आपको सवाल पूछना चाहिए, क्यों? एक समय था जब कौन व्यापार करता था? व्यापारिक परिवार थे, व्यापारिक राजवंश थे, उनके गढ़ थे, केवल वे ही इसे करते थे, ठीक वैसे ही जैसे सामंत शासन करते थे। लोकतंत्र ने राजनीति को लोकतांत्रिक बनाया। अब, आप देश के आर्थिक, औद्योगिक, वाणिज्यिक और व्यावसायिक परिदृश्य का लोकतंत्रीकरण करने जा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे खुद पर विश्वास रखें। कोई भी व्यक्ति तब तक सम्मान का हकदार नहीं है जब तक उनमें गुण नहीं हों। युवाओं की चापलूस या पाखंडी बनने की इच्छा कभी नहीं होनी चाहिए। श्री धनखड़ ने युवाओं से कहा, आपको वंश की आवश्यकता नहीं है, आपको परिवार के नाम की आवश्यकता नहीं है, आपको पारिवारिक पूंजी की आवश्यकता नहीं है, आपको एक विचार की आवश्यकता है।उन्होंने कहा कि मानव संसाधन की अपरिहार्यता एक मिथक है। यह विचार कि 'आपके बिना चीजें काम नहीं कर सकतीं' सत्य नहीं है। ईश्वर ने आयु की सीमा पहले ही निर्धारित कर दी है। इसलिए, उन्होंने यह भी तय कर दिया है कि कोई अपरिहार्य नहीं हो सकता। देश की नौकरशाही की क्षमता पर श्री धनखड़ ने कहा कि देश के पास बेहतरीन मानव संसाधन, नौकरशाही है, जो सही ढांचे में सही नेतृत्व में कोई भी बदलाव ला सकती है। युवाओं की लोकतंत्र को प्रभावी बनाने में भूमिका और संसद के प्रतिनिधियों और जन प्रतिनिधियों के कर्तव्यों को दोहराते हुए उप राष्ट्रपति ने कहा कि युवा अब सोशल मीडिया की ताकत से यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि हमारे सांसद और जन प्रतिनिधि अपने शपथ का पालन करें। वे अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करें और अपनी कर्तव्यों का सही तरीके से पालन करें।

## आतिशी ने अपने चुनाव के लिए लोगों से लगाई चंदे की गुहार




नई दिल्ली । दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने अपने विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए लोगों से चंदे की गुहार लगाई। सुश्री आतिशी ने आज संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि वह कालकाजी से विधानसभा चुनाव लड़ रही है और इसमें चालीस लाख खर्च करने है। उन्होंने लोगों से चंदे की गुहार लगाते हुए कहा कि गलत तरीके से चुनाव लड़ना आसान है। दिल्ली का 77000 करोड़ बजट है। अगर हम गलत तरीके से पैसे इकट्ठा करना चाहे तो 40 लाख रुपये इकट्ठा करने में एक दिन भी नहीं लगेगा लेकिन आप लोगों के ही डोनेशन से मैं कालकाजी में विधानसभा चुनाव लड़ूंगी। उन्होंने कहा कि जब से आम आदमी पार्टी बनी है, तब से दिल्ली के आम लोगों ने हमारी पार्टी को समर्थन किया और चंदे दिए। 2013 में जब पहला चुनाव लड़े थे, घर-घर जाते थे, लोग छोटे-छोटे डोनेशन देते थे। नुक्कड़ सभा के बाद हम एक चादर फैलाते थे, लोग 10 रुपये, 50 रुपये और 100 रुपये उसमें डालते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप की ईमानदारी की राजनीति इसलिए हो पाई है कि हम बड़े-बड़े उद्योगपतियों से चंदा नहीं लेते थे।

जिन दलों ने उद्योगपतियों से पैसा लिया फिर उनकी सरकारें उद्योगपतियों के लिए काम करती हैं। आज मैं अपने चुनाव के लिए एक क्राउड फंडिंग की शुरुआत कर रही हूं। 40 लाख रुपये मुझे चाहिए चुनाव लड़ने के लिए। दिल्ली और देश के लोगों से अपील है कि मुझे डोनेट करेंगे। उन्होंने कहा कि atishi.aamaadmiparty.org लिंक पर जाकर आप डोनेट कर सकते हैं।

आप चाहे तो 100 रुपये डोनेट करें।, हजार रुपये डोनेट करें या उससे ज्यादा डोनेट करें, लेकिन आप लोगों के ही डोनेशन से मैं कालकाजी में विधानसभा चुनाव लड़ूंगी। गलत तरीके से चुनाव लड़ना आसान है, 40 लाख रुपये मुख्यमंत्री के लिए इकट्ठा करना गलत तरीके से आसान है।

## युवा शक्ति का सामर्थ्य ही भारत को जल्द से जल्द विकसित राष्ट्र बनाएगा- प्रधानमंत्री मोदी



नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि देश के नौजवानों के साथ उनका 'परम मित्र' वाला नाता है और साथ ही विश्वास जताया कि युवा शक्ति का सामर्थ्य ही भारत को जल्द से जल्द विकसित राष्ट्र बनाएगा। 'विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025' को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि बड़े सपने देखना, एक मजबूत प्रतिबद्धता बनाना और एक निर्धारित समयसीमा के भीतर उन सपनों को प्राप्त करना पूरी तरह से संभव है। उन्होंने कहा, "किसी भी देश की प्रगति के लिए, उसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। एक लक्ष्य के बिना जीवन अकल्पनीय है! लक्ष्य हमें उद्देश्य और प्रेरणा प्रदान करते हैं। जब हम महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करते हैं, तो हम उन्हें पूरा करने के लिए अथक प्रयास करते हैं। आज भारत इसी भावना को मूर्त रूप दे रहा है।"मोदी ने कहा कि विकसित भारत यानी जो आर्थिक, सामरिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त होगा, जहां अर्थव्यवस्था भी बुलंद होगी और पारिस्थितिकी भी समृद्ध होगी। उन्होंने कहा, "जहां अच्छी कमाई और पढ़ाई के ज्यादा से ज्यादा अवसर होंगे। जहां दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी कौशल से लैस होगी। जहां युवाओं के पास अपने सपने पूरा करने के लिए खुला आसमान होगा।" प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम में 30 लाख से अधिक प्रतिभागियों में से योग्यता-आधारित, बहु-स्तरीय चयन प्रक्रिया के माध्यम से चुने गए 3,000 युवाओं के साथ संवाद भी किया। स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था। उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका देश के नौजवानों के साथ 'परम मित्र' वाला नाता है और मित्रता की सबसे मजबूत कड़ी होती है 'विश्वास'। उन्होंने कहा, "मुझे आप पर बहुत विश्वास है और इसी विश्वास ने मुझे 'माय भारत' के गठन की प्रेरणा दी। इसी विश्वास ने विकसित भारत युवा नेता संवाद का आधार बनाया। मेरा विश्वास कहता है कि युवा शक्ति का सामर्थ्य भारत को जल्द से जल्द विकसित राष्ट्र बनाएगा।" प्रधानमंत्री ने कहा, "जो आंकड़ों का जोड़ भाग करते रहते हैं, उनको लगता होगा कि यह सब बहुत मुश्किल है लेकिन मेरी आत्मा कहती है, आप सबके भरोसे से कहती है- लक्ष्य बड़ा जरूर है लेकिन असंभव नहीं है।"उन्होंने कहा, "जब करोड़ों युवाओं की भुजाएं विकास रथ के पहिए को आगे बढ़ा रही हैं, तब हम जरूर लक्ष्य पर पहुंचेंगे।"प्रधानमंत्री ने कहा, "आज अगर स्वामी विवेकानंद सशरीर हमारे बीच होते तो 21वीं सदी के युवा की इस जागृत शक्ति को देखकर और आपके सक्रिय प्रयासों को देखकर वह भारत में एक नया विश्वास भर देते, एक नई ऊर्जा भर देते और नए सपनों के बीज बो देते।"

# संपादकीय

## खुशियों का संदेशवाहक पर्व है लोहड़ी

उत्तर भारत में मनाया जाने वाला प्रमुख पर्व है लोहड़ी। पंजाब, हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश में खासतौर से पंजाबी समुदाय में तो इस पर्व पर एक अलग ही उत्साह देखा जाता है। यह ऐसा त्यौहार है, जो आधुनिक युग के व्यस्तता भरे माहौल में सुकून भरे कुछ पल लेकर आता है और लोग भरपूर जोश और उल्लास के साथ इस पर्व का भरपूर आनंद लेते हैं। पंजाब तथा जम्मू कश्मीर में तो लोहड़ी पर्व मकर संक्रांति के रूप में ही मनाया जाता है। सिंधी समाज में भी मकर संक्रांति से एक दिन पहले लोहड़ी के रूप में 'लाल लाही' नामक पर्व मनाया जाता है। लोहड़ी को लेकर कुछ लोककथाएं भी प्रचलित हैं। मान्यता है कि कंस ने इसी दिन लोहिता नामक एक राक्षसी को श्रीकृष्ण का वध करने के लिए भेजा था, जिसे श्रीकृष्ण ने खेल-खेल में ही मार डाला था और उसी घटना की स्मृति में यह पर्व मनाया जाने लगा। लोहड़ी पर अग्नि प्रज्जवलित करने के संबंध में एक लोककथा यह भी है कि दक्ष प्रजापति की पुत्री सती के योगाग्नि दहन की स्मृति में ही इस दिन अग्नि प्रज्जवलित की जाती है। लोहड़ी को लेकर सर्वाधिक प्रचलित कथा दुल्ला भट्टी नामक डाकू से संबंधित रही है, जिसे 'पंजाबी रॉबिनहुड' का दर्जा प्राप्त है। जिस प्रकार होली जलाई जाती है, ठीक उसी प्रकार लकड़ियां एकत्रित कर लोहड़ी के अवसर पर अलाव जलाये जाते हैं और अग्नि का तिलों से पूजन किया जाता है। उस दिन कड़ाके की ठंड होती है और उत्तर भारत में अधिकांश जगहों पर घने कोहरे के बीच तापमान प्राय: शून्य से पांच डिग्री के बीच होता है लेकिन इतनी ठंड के बावजूद इस पर्व के प्रति लोगों का उत्साह देखते बनता है। लोहड़ी के पावन अवसर पर लोग घरों के बाहर अलाव जलाकर यह पर्व धूमधाम से मनाते हैं। इस पर्व का संबंध उस उत्सव से भी माना गया है, जिसमें सर्दी को अलविदा कहते हुए सूर्यदेव का आव्हान करते हुए कहा जाता है कि वह इस माह अपनी किरणों से पृथ्वी को इतना गर्म कर दे कि ठंड से किसी को कोई नुकसान न पहुंचे और लोग आसानी से सर्दी के मौसम का मुकाबला कर सकें। माना जाता है कि इसी दिन से सर्दी कम होने लगती है। लोग अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर ठंड से बचाव करने के साथ-साथ अग्नि की पूजा भी करते हैं ताकि उनके घर में अग्निदेव की कृपा से सुख-समृद्धि का साम्राज्य स्थापित हो सके। हरियाणा व पंजाब में जिस घर में नई शादी हुई हो अथवा संतान (लड़के) का जन्म हुआ हो या शादी की पहली वर्षगांठ का मौका हो, ऐसे परिवारों में लोहड़ी का विशेष महत्व होता है। इन परिवारों में लोहड़ी के अवसर पर उत्सव जैसा माहौल होता है। आसपास के लोगों के अलावा रिश्तेदार भी इस उत्सव में सम्मिलित होते हैं। घर में अथवा घर के बाहर खुले स्थान पर अग्नि जलाकर लोग उसके इर्द-गिर्द इकट्ठे होकर आग सेंकते हुए अग्नि में मूंगफली, गुड़, तिल, रेवड़ी, मक्का के भुने हुए दानों इत्यादि की आहूति देते हैं और रातभर भंगड़ा, गिद्धा करते हुए मनोरंजन करते हैं तथा बधाई देते हैं। लोहड़ी का संबंध सुन्दरी नामक एक ब्राह्मण कन्या और दुल्ला भट्टी नामक कुख्यात डाकू से जोड़कर देखा जाता रहा है। दुल्ला भट्टी अमीरों का धन लूटकर निर्धनों में बांट दिया करता था। कहा जाता है कि गंजीबार क्षेत्र में एक ब्राह्मण रहता था, जिसकी सुन्दरी नामक एक बहुत खूबसूरत बेटी थी, जो इतनी खूबसूरत थी कि उसके सौन्दर्य की चर्चा गली-गली में होने लगी थी। जब उसके बारे में गंजीबार के राजा को पता चला तो उसने ठान लिया कि वह सुन्दरी को अपने हरम की शोभा बनाएगा। तब उसने सुन्दरी के पिता को संदेश भेजा कि वह अपनी बेटी को उसके हरम में भेज दे। इसके लिए ब्राह्मण को तरह-तरह के प्रलोभन भी दिए मगर ब्राह्मण अपनी बेटी को राजा की रखैल नहीं बनाना जाता था। उसे समझ नहीं आ रहा था कि वह क्या करे? जब उसे कुछ नहीं सूझा तो उसे जंगल में रहने वाले कुख्यात डाकू दुल्ला भट्टी का ख्याल आया, जो गरीबों व शोषितों की मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहता था। घबराया ब्राह्मण अपनी बेटी सुन्दरी को लेकर उसी रात उसके पास पहुंचा और विस्तार से सारी बात बताई। दुल्ला भट्टी ने ब्राह्मण की व्यथा सुन उसे सांत्वना दी और रात को ही एक योग्य ब्राह्मण लड़के की तलाश कर सुन्दरी को अपनी ही बेटी मानकर उसका कन्यादान अपने हाथों से करते हुए उस युवक के साथ सुन्दरी का विवाह कर दिया। गंजीबार के राजा को इसकी जानकारी मिली तो वह बौखला उठा। उसके आदेश पर उसकी सेना ने दुल्ला भट्टी के ठिकाने पर धावा बोल दिया किन्तु दुल्ला भट्टी और उसके साथियों ने राजा को बुरी तरह धूल चटा दी। दुल्ला भट्टी के हाथों गंजीबार के शासक की हार होने की खुशी में गंजीबार में लोगों ने अलाव जलाए और दुल्ला भट्टी की प्रशंसा में गीत गाकर भंगड़ा डाला। कहा जाता है कि तभी से लोहड़ी के अवसर पर गाए जाने वाले गीतों में सुन्दरी व दुल्ला भट्टी को विशेष तौर पर याद किया जाने लगा। लोहड़ी से पहले ही बच्चे इकट्ठे होकर लोहड़ी के गीत गाते हुए घर-घर जाकर लोहड़ी मांगने लगते हैं। इस दिन उत्सव के लिए लकड़ियां व उपले एकत्र करने के लिए भी बच्चे कई दिन पहले ही जुट जाते हैं। वैसे समय बीतने के साथ-साथ अब घर-घर से लकड़ियां मांगकर लाने की परम्परा समाप्त होती जा रही है। बहुत से स्थानों पर लोग अब लकड़ियां व उपले बच्चों के जरिये मांग-मांगकर एकत्र कराने के बजाय खरीदने लगे हैं। सुबह से ही रात के उत्सव की तैयारियां आरंभ हो जाती हैं और रात के समय लोग अपने-अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर उसकी परिक्रमा करते हुए उसमें तिल, गुड़, रेवड़ी, चिड़वा, पॉपकॉर्न इत्यादि डालते हैं और माथा टेकते हैं। उसके बाद अलाव के चारों ओर बैठकर आग सेंकते हैं। तब शुरू होता है गिद्दा और भंगड़ा का मनोहारी कार्यक्रम, जो रात्रि में देर तक चलता है और कहीं-कहीं तो पूरी-पूरी रात भी चलता है। अगले दिन प्रात: अलाव ठंडा होने पर मौहल्ले के सभी लोग इसकी राख को 'ईश्वर का उपहार' मानते हुए अपने-अपने घर ले जाते हैं। यह पर्व सही मायने में समाज में प्रेम व भाईचारे की अनूठी मिसाल कायम करता है।

## 13 जनवरी 2025 का पंचांग






सूर्योदय- 07.14 प्रात-
सूर्यास्त- 05.56 सायं
सूर्य राशि- धनु
चंद्र उदय- 05.25 दोपहर
चंद्र अस्त- 07.33 प्रात-
चंद्रमा- प्रात- 04.19 उपरांत कर्क राशि में।

आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना पौष-14 पूर्णिमांत महीना पौष-29 शुक्ल पक्ष- पूर्णिमा,
तिथि-पूर्णिमा प्रात- 03.56 तक बाद में प्रतिपदा, नक्षत्र-आद्रा प्रात- 10.38 तक बाद में पुर्नवसु,
योग-वैद्यरती प्रात- 04.39 तक बाद में विषकुम्भ, करण-विष्टी दोपहर- 04.26 तक बाद में बव प्रात- 03.56 तक बाद में बालव, राहु काल दोपहर- 07.30 से 09.00 बजे तक,कुलीक काल दोपहर- 01.30 से 03.00 बजे तक, यमगंड प्रात- 10.30 से 12.00 बजे तक अभिजीत मुहूर्त दोपहर- 12.14 से 12.56 तक दुमुहूर्त दोपहर- 12.56 से 1.39 तक व 03.05 से 03.48 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.38 से 06.26 तक।

## आज 13 जनवरी का दैनिक राशिफल।

मेष- अपने मन का दु:ख बाहर व्यक्त करेंगे, खेल के क्षेत्र में प्रदर्शन से कोई पद मिल सकता है, लेडीज टेलर, पूजा पाठ दुकान, मिठाई की दुकान चलेगी
भाग्य प्रतिशत-59

वृषभ- लेडीज गारमेंट, फैशन व्यवसाय, बुटीक कार्य से लाभ होगा, घर में भी दुकान का सामान लाकर रखेंगे, बिजली के तार आदि खराब ना रहे, सन्तान की नौकरी भी लग सकती है।
भाग्य प्रतिशत-80

मिथुन- दवाई के स्टॉकिस्ट, राज नेता, टैक्स सम्बन्धित वकील उन्नति करेंगे, पार्ट्स बनाने की फैक्ट्री का शुभारंभ करने की योजना बनेगी, घर में पेंट कार्य शुरू हो सकता है।
भाग्य प्रतिशत-81

कर्क- कोई कार्य शुरू करना चाहेंगे मित्र को पार्टनर बना सकते है, आपका कम्युनिकेशन बेहतर होगा, नौकरी के इंटरव्यू में राउंड पास कर लेंगे।
भाग्य प्रतिशत-77

सिंह- रेडियो, जर्नलिज्म, टीवी जैसे क्षेत्रों में कार्य करने को मिलेगा, खेल के क्षेत्र में कुछ समस्या होगी, व्यवसाय में संघर्ष बढ़ेगा।
भाग्य प्रतिशत-74

कन्या- कहीं दूर जाने की इच्छा होगी, आध्यात्मिक लोगों की तरफ रुझान बढ़ेगा, माल दूसरे शहर से लाकर बेचेंगे, परिवार के किसी बीमार व्यक्ति को देखने जा सकते है।
भाग्य प्रतिशत-54

तुला- बहन की ओर से अच्छा समाचार मिलेगा, कोई अभिलाषा भी पूरी होगी, परिवार के किसी व्यक्ति को पुलिस से समस्या हो सकती है।
भाग्य प्रतिशत-58

वृश्चिक- वाहन लाने की योजना बनेगी, प्रभावशाली लोगों से बातचीत होगी, नए विवाहित लोग शक का शिकार हो सकते है, दूसरों के काम के लिए स्वयं प्रयास करेंगे।
भाग्य प्रतिशत- 75

धनु- जीवनसाथी समझदारी से कोई काम करने में सफल होगा, दूसरे राज्य व संस्कृति के व्यक्ति से मिलना होगा, व्यवसाय में उन्नति होगी।
भाग्य प्रतिशत-77

मकर- यात्रा होगी, लोगों से मिलना जुलना बढ़ेगा, जमा पैसा खर्च हो सकता है, संस्कारी परिवार में रिश्ते की बात होगी, होटल में दिखाना हो सकता है।
भाग्य प्रतिशत-76

कुम्भ- चतुराई से आर्थिक लाभ कर लेंगे,सुन्दर एवं करियर वाली
स्त्री से विवाह तय हो सकता है।
फैक्ट्री में कार्य करते समय हाथो का ध्यान रखें, गले, थायरायड, आँखों में समस्या सम्भव है।
भाग्य प्रतिशत-68


मीन- धार्मिक कार्य, अनाज की दुकान, प्रिंटिंग प्रेस कार्य चलेगा, ब्रेड आदि कार्य में नुकसान सम्भव है, अनावश्यक कोई खर्च आ सकता है
भाग्य प्रतिशत-60

## जैकी श्रॉफ ने फिल्म फर्ज के 24 साल पूरे होने का मनाया जश्न



मुंबई । अभिनेता जैकी श्रॉफ ने अपनी फिल्म फर्ज के 24 साल पूरे होने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने इस संबंध में कुछ यादगार पल अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा किया। 2001 में आई इस फिल्म में जैकी ने प्रतिपक्षी गावा फ़िरोज़ी की भूमिका निभाई थी। अभिनेता ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म से जुड़ी कुछ यादें साझा कीं। इसमें अभिनेता सनी देओल और अभिनेत्री प्रीति जिंटा भी नजर आ रही हैं। इसमें जैकी के कहे गए कुछ संवाद भी सुनाई देते हैं, जिसमें सबसे प्रमुख तेरे भी पासपोर्ट की तैयारी हो गई है और मेरी मौत को तेरी को देखने का इंतज़ार है। और मैं अपनी मौत को न उम्मीद नहीं कर सकता जैसे अन्य संवाद शामिल हैं। कैप्शन में उन्होंने लिखा-24 ईयर ऑफ फर्ज और पोस्ट में सनी देओल और प्रीति जिंटा को टैग किया। एक्शन थ्रिलर फिल्म फर्ज का निर्देशन राज कंवर ने किया था। इसमें दिवंगत स्टार ओम पुरी भी थे। यह एक अनुभवी पुलिस अधिकारी की कहानी है, जो ड्यूटी के दौरान अपने साथी के मारे जाने से बहुत परेशान हो जाता है। उसकी परेशानियां और बढ़ जाती हैं, जब उसकी बेटी को उसका नया, बहादुर साथी पसंद करने लगता है। 9 जनवरी को उन्होंने इंस्टाग्राम पर मवेशियों के लिए बनाए गए एक केंद्र की झलक दिखाई थी। वीडियो में जैकी जानवरों के साथ समय बिताते हुए नजर आ रहे हैं। उनके पोस्ट का कैप्शन था, पीस। वहीं, अगर उनके काम की बात करें, तो जैकी क्राइम सीरीज चिड़िया उड़ का हिस्सा बनने के लिए तैयार हैं। 15 जनवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर पर प्रीमियर होने वाले सीरीज की कहानी आबिद सुरती के प्रसिद्ध उपन्यास केज से प्रेरित है। चिड़िया उड़ एक युवा राजस्थानी महिला सहर के जीवन पर आधारित होगी, जो मुंबई के अपराध सिंडिकेट की खतरनाक दुनिया में फंस जाती है। जैसे-जैसे वह सत्ता और हिंसा से मुक्ति पाने की कोशिश करती है, वैसे-वैसे कहानी आगे बढ़ती है। निर्माताओं ने हाल ही में इस वेब सीरीज का आधिकारिक ट्रेलर लॉन्च किया। रवि जाधव द्वारा निर्देशित इस प्रोजेक्ट को हरमन बावेजा और विक्की बाहरी ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। चिड़िया उड़ में जैकी श्रॉफ के साथ-साथ मीना, सिकंदर खेर, मधुर मित्तल, मयूर मोरे और मीता वशिष्ठ भी महत्वपूर्ण किरदारों में नजर आएंगे।

## भूत बंगला में हुयी तब्बू की एंट्री



मुंबई । बॉलीवुड फिल्मकार प्रियदर्शन के निर्देशन में बन रही अक्षय कुमार स्टारर हॉरर कॉमेडी फिल्म भूत बंगला में तब्बू की एंट्री हो गयी है। निर्देशक प्रियदर्शन और अभिनेता अक्षय कुमार की जोड़ी 14 साल बाद भूत बंगला के लिए फिर से साथ आ रही है। इस फिल्म में तब्बू की एंट्री हो गयी है।तब्बू ने इंस्टाग्राम पर घोषणा करते हुए एक क्लैपरबोर्ड की तस्वीर शेयर की, जिस पर लिखा था भूत बांग्ला। तब्बू ने इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा, हम यहां बंद हैं। वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म हेरा फेरी में अक्षय और तब्बू साथ काम कर चुके हैं। इस फिल्म का निर्देशन भी प्रियदर्शन ने ही किया था। फिल्म भूत बांग्ला में अक्षय कुमार और तब्बू के अलावा परेश रावल, वामिका गब्बी, राजपाल यादव और असरानी जैसे कई बेहतरीन कलाकार नजर आ सकते हैं। फिल्म भूत बंगला को शोभा कपूर, एकता आर कपूर और अक्षय कुमार के प्रोडक्शन हाउस, केप ऑफ गुड फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म के को-प्रोड्यूसर फारा शेख और वेदांत बाली हैं। कहानी आकाश ए कौशिक ने लिखी है, और स्क्रीनप्ले रोहन शंकर, अबिलाष नायर और प्रियदर्शन ने मिलकर तैयार किया है। डायलॉग्स रोहन शंकर ने लिखे हैं। भूत बंगला 02 अप्रैल 2026 में रिलीज होगी।

## यूएई में शोएब अख्तर और हभजन सिंह से मिले शाहिद कपूर, 'देवा' के गानों पर किया डांस

मुंबई । अभिनेता शाहिद कपूर को पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब अख्तर और हरभजन सिंह के साथ यूएई में चल रहे 'इंटरनेशनल लीग टी20' के उद्घाटन समारोह में देखा गया। अभिनेता दोनों से बातचीत करते नजर आए। हाई-प्रोफाइल इवेंट में इन खेल हस्तियों की मौजूदगी ने टूर्नामेंट के रोमांच को बढ़ा दिया। पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब अख्तर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह शाहीद कपूर के साथ बातचीत करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह भी नजर आ रहे हैं। 'इंटरनेशनल लीग टी20' के तीसरे सीजन के उद्घाटन समारोह में शामिल होने के दौरान अभिनेता पूरी तरह से काले रंग के परिधान में बेहद खूबसूरत लग रहे थे। वीडियो शेयर करते हुए, शोएब अख्तर ने इस मुलाकात को अद्भुत संयोग बताया और अपनी खुशी जाहिर की शोएब शाहिद से बातचीत करते हुए मुस्कुराते हुए नजर आए। अभिनेता ने हरभजन सिंह के कंधे पर थपकी देकर उनकी सराहना भी की। देवा की मने कास्ट के साथ शाहिद कपूर ने 'इंटरनेशनल लीग टी20' के उद्घाटन समारोह में खुर्खियां बटोरीं। 'मर्जी चा मालिक' और 'आला रे आला देवा आला' जैसे गानों पर परफॉर्मेंस दी। इस दौरान शाहिद कपूर के साथ पूजा हेगड़े ने मंच संभाला और फिल्म के गाने भसड़ मचा के साथ वायरल हुक स्टेप किया। शाहिद कपूर की फिल्म 'देवा' 31 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, शाहिद कपूर लगभग एक साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी करेंगे। उनकी आखिरी फिल्म, 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' थी, जिसमें वह कृति सेनन के साथ नजर आए थे, जो साल 2024 में रिलीज हुई थी।

## सर्राफा बाजार में सोने के भाव में तेजी जारी, चांदी की कीमत में बदलाव नहीं

नई दिल्ली । घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार चौथे दिन तेजी का रुख है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 79,800 रुपये से लेकर 79,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 73,150 रुपये से लेकर 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है, जिसकी वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज भी 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 79,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,150 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 79,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 79,700 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 73,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 79,650 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 79,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 79,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 73,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 79,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 73,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 79,800 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 79,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## फिल्म अनुजा दो बहनों की दिल छू लेने वाली कहानी

मुंबई । शॉर्ट फिल्म अनुजा दो बहनों की दिल छू लेने वाली कहानी है। पति-पत्नी की जोड़ी एडम जे ग्रेव्स (निर्देशक) और सुचित्रा मट्टई (निर्माता) द्वारा तैयार की गई यह फिल्म नौ वर्षीय अनाथ अनुजा और उसकी बड़ी बहन पलक के संघर्षों को दर्शाती है, जो एक बैक-एली गारमेंट फैक्ट्री में काम करते हैं। कहानी का मुख्य मोड़ तब आता है जब अनुजा को एक ऐसा दुर्लभ अवसर मिलता है, जो न केवल उसके भविष्य को बल्कि उसके परिवार की किस्मत को भी बदल सकता है। नुजा ने 2024 हॉलीशॉर्ट्स फिल्म फेस्टिवल में ऑस्कर-क्वालीफाइंग लाइव एक्शन शॉर्ट अवार्ड जीता है और इसे 2025 ऑस्कर के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा जोनास ने कार्यकारी निर्माता के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रियंका चोपड़ा ने फिल्म के विषय पर कहा, यह खूबसूरत फिल्म उन कठिन वास्तविकताओं को उजागर करती है, जिनसे लाखों बच्चे दुनिया भर में जूझते हैं। वे अपने वर्तमान की तात्कालिक जरूरतों और एक अनिश्चित भविष्य के बीच असंभव निर्णयों का सामना करते हैं। प्रियंका चोपड़ा एक बहु-प्रतिभाशाली कलाकार और निर्माता हैं, जो पिछले 25 वर्षों से वैश्विक स्तर पर अपने काम से प्रशंसा अर्जित कर रही हैं। उन्होंने नेटफ्लिक्स की द व्हाइट टाइगर में अभिनय और कार्यकारी निर्माण किया, जिसे ऑस्कर के लिए नामांकित किया गया था। इसके अलावा, उन्होंने टू किल ए टाइगर जैसी पुरस्कार विजेता डॉक्यूमेंट्री का निर्माण किया है। प्रियंका जल्द ही प्राइम वीडियो की फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट्स में इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ नजर आएंगी। साथ ही, वह प्राइम वीडियो की हिट सीरीज सिटाडेल के दूसरे सीज़न और फिल्म द ब्लफ में भी अभिनय करेंगी। अनुजा न केवल एक मार्मिक कहानी है, बल्कि यह उन बच्चों की समस्याओं को केंद्र में लाती है, जो गरीबी और कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपने सपनों को साकार करने के लिए संघर्ष करते हैं।

## मालदीव में छुट्टियां बिता रही हैं बिपाशा बसु



मुंबई । अपनी नन्हीं बेटी देवी और पति करण सिंह ग्रोवर के साथ अभिनेत्री बिपाशा बसु मालदीव में छुट्टियां बिता रही हैं। यहां से बिपाशा ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ खूबसूरत झलकियां साझा कीं। बिपाशा ने इंस्टाग्राम स्टोरीज में अपनी सुबह की झलक साझा की, जिसमें उनके पति करण सिंह ग्रोवर बालकनी में खड़े नजर आ रहे हैं, जबकि उनकी बेटी देवी आराम से मां के पास खेल रही है। अभिनेत्री ने इस प्यारी तस्वीर को कैप्शन दिया, ये मेरी कुछ पसंदीदा चीजें हैं। मालदीव से साझा की गई अन्य तस्वीरों में देवी समुद्र तट पर खेलती नजर आ रही हैं, जबकि बिपाशा समुद्र किनारे गर्म पेय का आनंद लेती दिख रही हैं। अभिनेत्री ने पूल और होटल की अन्य झलकियां भी साझा कीं। उनकी इन पोस्ट्स ने फैंस का दिल जीत लिया है, और लोग उनके परिवारिक जीवन और खुशियों को देख खूब सराहना कर रहे हैं। करण सिंह ग्रोवर की बात करें तो वह हाल ही में फिल्म फाइटर में नजर आए थे। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी इस एरियल एक्शन थ्रिलर में ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर ने मुख्य भूमिकाएं निभाईं। 25 जनवरी 2024 को रिलीज हुई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर मध्यम सफलता हासिल कर पाई। दूसरी ओर, बिपाशा बसु को आखिरी बार 2020 में वेब सीरीज डेंजरस में देखा गया था। इस ड्रामा का निर्देशन भूषण पटेल ने किया था और इसकी पटकथा विक्रम भट्ट ने लिखी थी। सीरीज में बिपाशा के साथ करण सिंह ग्रोवर, सोनाली राउत, नताशा सूरी और सुयश राय जैसे कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में थे। डेंजरस के बाद से बिपाशा ने अभिनय से दूरी बना ली है और फिलहाल अपने परिवार और मातृत्व पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

## ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने इंग्लैंड को चार विकेट से हराया




सिडनी । महिला एशेज 2025 का आगाज ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने जीत के साथ किया। इंग्लैंड को पहले वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने 4 विकेट से मात दी। इस मैच में मिली जीत के साथ ही कंगारू टीम ने सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली। मैच में टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया, जो कि उनके लिए सही साबित हुआ। पहले बैटिंग करते हुए इंग्लैंड महिला टीम 43.1 ओवर में 204 रन पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिकने दिया। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 38.5 ओवर में लक्ष्य हासिल किया। अब दूसरा वनडे मैच ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड महिला टीम के बीच 14 जनवरी को खेला जाएगा। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ पहले बैटिंग करते हुए इंग्लैंड टीम की शुरुआत खराब रही। टैमी बोमॉन्ट और माया बूशेर ने पारी का आगाज किया। दोनों ही ओपनिंग बैटर्स जल्दी पवेलियन लौटे। सदरलैंड ने टैमी को 13 रन के निजी स्कोर पर चलता किया। वहीं, किम ने माया को अपना शिकार बनाया। कप्तान हेदर नाइट 48 गेंदों का सामना करते हुए 5 चौके की मदद से 39 रन बनाकर आउट हुईं। नैटली ने 28 गेंदों पर 19 रन बनाए। डेनिएल टीम की तरफ से सबसे ज्यादा 38 रन बनाकर आउट हुईं। एमी जोंस के बल्ले से 30 गेंदों पर 31 रन निकले। इस तरह इंग्लैंड की टीम 204 रन पर सिमट गई। कंगारू टीम की तरफ से किम गार्थ, ऐनाबेल सदरलैंड, अलाना किंग को 2-2 विकेट मिले, जबकि एश्ली गार्डनर को 3 सफलता मिली। डार्सी ब्राउन के नाम भी एक विकेट रहा। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से फीबी लिचफील्ज और कप्तान एलिसा हीली ने पारी का आगाज किया। 8 गेंदों का सामना करते हुए फीबी 4 रन के निजी स्कोर पर चलता बनीं। एलिसा ने 78 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से 70 रन बनाए।

एलिस पैरी ने 14 रन बनाए। बेथ मूनी ने 28 रन की पारी, जबकि एश्ली गार्डनर ने नाबाद 42 रन बनाए। उनकी पारी में 5 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। इंग्लैंड महिला टीम की तरफ से सोफी और लॉरेन को 2-2 सफलता मिली, जबकि लॉरेन बेल और शार्लेट को 1-1 विकेट मिला।

## स्टॉक में आई गिरावट, महंगा हो जाएगा गेहूं

### चावल का भंडार रिकॉर्ड स्तर के पार



नई दिल्ली । भारत में चावल के बढ़ते भंडार ने जनवरी माह में सबसे ऊंचा स्तर छू लिया है जो देश के निर्यात की गति को तेज करने के लिए एक अवसर प्रदान कर सकता है। चावल के सरकारी भंडार में पहुंची मात्रा सरकार के निर्धारित लक्ष्य से अधिक है, लेकिन इस समय गेहूं की कमी के चलते बाजार में चिंता की स्थिति है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के अनुसार चावल के कुल स्टॉक जनवरी तक 60.9 मिलियन टन पहुंच गया है, जबकि निर्धारित लक्ष्य 7.6 मिलियन टन है। इस बढ़ते भंडार के साथ चावल के निर्यात में भी वृद्धि दर्शाई जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि चावल की इतनी बड़ी मात्रा का भंडार एक चुनौती पैदा कर सकता है, जबकि गेहूं की सीमित उपलब्धता बाजार में चिंता फैला रही है। गेहूं के स्टॉक 1 जनवरी तक 18.4 मिलियन टन था, जो कि सरकार के लक्ष्य से अधिक है, लेकिन पिछले साल की औसत से काफी कम है। सरकार की ओर से मार्च 2025 तक 2.5 मिलियन टन गेहूं की बेचने की योजना बनाई गई है, जो पिछले साल के मुकाबले कम है। इसके चलते बाजार में गेहूं की कमी महसूस हो रही है। काकीनाड़ा के एक चावल निर्यातक ने बताया कि धान की खरीदारी जारी रहने से भंडारण की समस्या और गंभीर हो सकती है और सरकार को इन चुनौतियों का सामना करना होगा। चावल के भंडार और गेहूं की कमी के बीच संतुलन बनाने की चुनौती सामने खड़ी है। इस असंतुलन को देखते हुए सरकार को कठोर कदम उठाने होंगे ताकि गेहूं की पुन: उपलब्धता में सुधार हो सके और बाजार को स्थिरता मिले।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विवेकानंद यूथ अवार्ड से आर्यन गौड को किया सम्मानित



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । बुलंदशहर राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर लखनऊ के लोकभवन में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी द्वारा गंगा वारियर्स के संस्थापक आर्यन गौड़ को सम्मानित किया गया। बुलंदशहर को पहली बार यह अवार्ड मिला है। डिबाई तहसील क्षेत्र के गाँव कर्णवास निवासी आर्यन गौड़ गंगा की स्वच्छता बनाये रखने में वर्ष 2018 से योगदान दे रहे हैं। उन्होंने समाज के उस क्षेत्र को चुना, जिससे लोग दूर भागते हैं। उन्होंने अपनी संस्था गंगा वारियर्स के साथ गंगा की स्वच्छता को बनाए रखने का कार्य किया है। इनके कार्यों के लिए पूर्व में भी जल शक्ति मंत्रालय से वाटर हीरो अवार्ड मिला है। आर्यन गौड़ ने बताया कि उनकी संस्था में सभी युवा शिक्षित हैं। कई युवा तो सरकारी जॉब करते हैं। सभी का उद्देश्य जिले से बहने वाली गंगा को स्वच्छ बनाये रखना है। वर्ष 2018 से सभी मिलकर अहार, अनूपशहर, कर्णवास, राजघाट, नरौरा और रामघाट में समय समय पर स्वच्छता व जागरूकता अभियान चलाते हैं। उन्होंने कहा यह सम्मान बुलंदशहर के सभी स्वच्छता प्रेमियों का है, जो किसी भी तरह अपनी नदी, तालाब को साफ बनाने में जुटे हैं। पुरुस्कार स्वरूप 50 हजार रुपये की धनराशि, प्रमाण पत्र, स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा और अंगवस्त्र प्रदान कर मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया इसके अलावा इनके निवास स्थान के आस पास की सड़क का नामकरण भी इनके नाम पर होगा। इस मौके पर नमामि गंगे के प्रदेश संयोजक चंद्रप्रकाश चौहान, भाजपा नेता कुश शर्मा, गंगा वारियर्स के सरंक्षक भारत भूषण भारद्वाज, आदित्य गौड़, उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, भूपेंद्र सिंह सहित तमाम लोगों ने बधाई दी है।


## डीएवी क्रिकेट ग्राउंड पर रोमांचक मुकाबला- ज़िला जज एकादश ने डीएम एकादश को 8 रनों से हराया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । बुलंदशहर रविवार खचाखच दर्शकों से भरे डीएवी क्रिकेट ग्राउंड में आज ज़िला ज ज एकादश और डीएम एकादश के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबले में डीजXI ने 8 रनों से शानदार जीत दर्ज की। टॉस जीतकर कप्तान ज़िला जज मनजीत श्योरान ने पहले बल्लेबाजी चुनी, बल्लेबाजी करने उतरी डीजेङ्कढ्ढ ने 20 ओवरों में 145/8 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। जवाब में डीएम 11 की टीम ने जोरदार प्रयास किया लेकिन 137/8 के स्कोर पर सिमट गई। मैच का विवरण डीजेङ्कढ्ढ की शुरुआत थोड़ी धीमी रही और उन्हें पहले ही ओवर में झटका लगा, जब अखिल 2 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। टीम ने शुरुआती विकेट जल्द गंवा दिए, लेकिन ए सी जे एम खुर्जा सुमित चौधरी ने पारी को संभालते हुए 36 गेंदों पर 47 रन की शानदार पारी खेली। अंकित विहान ने 40 गेंदों पर 37 रन बनाए और दोनों ने मिलकर टीम को स्थिरता प्रदान की। डीजेङ्कढ्ढ ने अंतिम ओवरों में तेजी से रन बटोरते हुए 145/8 का स्कोर बनाया। डीएम 11 के लिए सचिन ने अपनी घातक गेंदबाजी से 4 ओवर में 20 रन देकर 5 विकेट लिए, जो किसी भी गेंदबाज का शानदार प्रदर्शन था। डीएम 11 की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने पावरप्ले के अंदर ही 26 रन पर 5 विकेट गंवा दिए। डीजेङ्कढ्ढ के गेंदबाजों ने शुरुआती झटके देकर विपक्षी टीम पर दबाव बना दिया। कप्तान ष्ट्रश कुलदीप मीना (9 रन) और अनुभवी खिलाड़ी सचिन शर्मा (2 रन) सस्ते में पवेलियन लौट गए। हालांकि, मध्यक्रम में होमगार्ड कमांडेंट अतुल (42 रन, 35 गेंद) और अखिलेश यादव (30 रन, 23 गेंद) ने संघर्ष करते हुए टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाने का प्रयास किया। लेकिन टीम की शुरुआती गिरावट और नियमित अंतराल पर विकेट गिरने की वजह से वे लक्ष्य से 8 रन पीछे रह गए। शानदार प्रदर्शन-सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज- सुमित चौधरी (डीजेङ्कढ्ढ) - 36 गेंदों पर 47 रन, 7 चौके सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज- सचिन (डीएम 11) - 20 रन देकर 5 विकेट ज्मैन ऑफ़ द मैच- अनकित विहान (37 रन और 3 विकेट) डीएम 11 की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही, जिससे टीम उभर नहीं सकी। पावरप्ले के दौरान 5 विकेट गिरना उनके लिए घातक साबित हुआ। शुरुआती बल्लेबाज सस्ते में पवेलियन लौटे, और टीम का मिडिल ऑर्डर उस दबाव को झेल नहीं पाया मैच अधिकारियों का योगदान-इस शानदार मुकाबले का संचालन हर्केश कुमार (अंपायर), शाह आलम अंसारी (स्कोरर), और प्रवीण कुमार (कमेंटेटर) ने किया। अंत में जिलाजज बुलंदशहर द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए । रोमांचक मैच का अंत दर्शकों के लिए यादगार बना। मैच के दौरान ज़िला जेजे एकादश के फील्डर्स मनु कालिया PO MaCT विनीत चौधरी ए डी जे, मोहम्मद नसीम और अर्जुन डबास एसीजेएम ने उम्दा फील्डिंग का प्रदर्शन किया

## किसानों के लिए फार्मर रजिस्ट्रेशन जरूरी - एसडीएम



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। छतारी शिकारपुर एसडीएम दीपक कुमार पाल छतारी में पहुंचकर किसानों को फार्मर रजिस्ट्रेशन के प्रति जागरूक किया है। एसडीएम ने बताया सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों को फार्मर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य हो गया है। एसडीएम ने कस्बा छतारी में जनसेवा केंद्रों पर पहुंचकर संचालकों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। जिससे जल्दी से जल्दी किसानों के फार्मर रजिस्ट्रेशन हो सकें। छतारी के आजाद रोड़ स्थित छाया जनसेवा केंद्र स्थित है। रविवार की शाम शिकारपुर एसडीएम दीपक कुमार पाल जनसेवा केंद्र पहुंच गए। जहां उन्होंने जन सेवा केंद्र संचालक से फार्मर रजिस्ट्रेशन के बारे में जानकारी ली। उसी दौरान एसडीएम ने केंद्र पर मौजूद किसानों को फार्मर रजिस्ट्रेशन कराने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा किसान अपने नजदीकी जनसेवा केंद्र जाकर अपने मोबाइल और आधार कार्ड सहित खतौनी से अपना फार्मर रजिस्ट्रेशन करा लें। जिन किसानों का फार्मर रजिस्ट्री में रजिस्ट्रेशन नहीं होंगे उन किसानों को किसान सम्मान निधि, राशन और अन्य सरकारी योजना का लाभ नही मिलेगा। एसडीएम ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि किस जल्द से जल्द अपना फार्मर रजिस्ट्रेशन करा लें। अन्यथा किसानों को मिलने वाली तमाम सरकारी योजनाएं उन्हें नहीं मिल सकेंगी।

## राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ एवं मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति द्वारा युवा सम्मान समारोह किया गया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

नोएडा । गाजियाबाद के अर्थला कॉलेज में राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ एवं मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम आज युवाओं को स्वामी विवेकानंद सम्मान से सम्मानित किया गया जिसके मुख्य अतिथि के रूप मे केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा रहे कार्यक्रम का संचालन भक्ति सिंह ने किया कार्यक्रम के अध्यक्ष बीजू पंडित रहे आयोजक टीम के रूप मे राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ, मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति, अमृत मंथन वेलफेयर सोसायटी, मॉडर्न कॉलेज अर्थला मोहन नगर गाजियाबाद, रहे नोएडा से पहुंचे लोगों को सम्मानित किया गया कालू पंडित हरौला, राधे पंडित बरौला, सोनू सरपंच होशियारपुर, पिंकू गुजर बरौला राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ मेरी आवाज सुनो जन कल्याण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामदत्त शर्मा (र डी शर्मा ) ने प्रोग्राम के सफल आयोजन के लिए आयोजन टीम व कार्यक्रम में पहुंचे सभी लोगों का दिल से धन्यवाद किया

## डॉ रुपेश वर्मा, सुखबीर खलीफा, सोरेन प्रधान गंगेश्वर दत्त शर्मा सहित दर्जनों जेल गए किसानों को किया गया सम्मानित

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा । किसान सभा के जिला दफ्तर जैतपुर ग्रेटर नोएडा पर किसान सभा के जेल गए साथियों का सम्मान समारोह किया गया और आंदोलन के बारे में चर्चा की गई- आगे की लड़ाई के लिए किसान सभा, किसान परिषद एवं किसान एकता संघ ने किसान संघर्ष मोर्चा गौतम बुध नगर के गठन का किया ऐलान- किसान सभा के दलित प्रेरणास्थल पर दिल्ली कूच के दौरान हुई गिरफ्तारी और उसके बाद 4 तारीख को जीरो पॉइंट से हुई गिरफ्तारी और आंदोलन के सिलसिले में जेल गए साथियों का स्वागत किया गया। आज स्वागत समारोह की अध्यक्षता बाबा रंगीलाल ने की। मीटिंग को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डॉक्टर रुपेश वर्मा ने कहा कि किसान एकता संघ, किसान परिषद और अखिल भारतीय किसान सभा ने मिलकर किसान संघर्ष मोर्चा का गठन किया है। नये कानून एवं 10त्न पर आगे लड़ाई किसान संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में लड़ी जाएगी।



माननीय मुख्यमंत्री जी के साथ हुई वार्ता के बारे में उपस्थित साथियों को अवगत कराते हुए बताया गया कि माननीय मुख्यमंत्री जी नए कानून पर सकारात्मक है परंतु जिले के जनप्रतिनिधियों द्वारा किसानों की बात उनके समक्ष नहीं रखी गई है। 10त्न के मुद्दे पर माननीय मुख्यमंत्री जी को प्राधिकरण में तैनात अफसरों ने नकारात्मक फीड बैक दे रखी है हम लोगों ने मुख्यमंत्री जी को 10त्न प्लाट के मुद्दे से अवगत कराने की कोशिश की है आगे भी हमें इस मुद्दे पर लगातार माननीय मुख्यमंत्री जी को वास्तविकता से अवगत कराने की कोशिश करनी है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने अवगत कराया है कि हाई पावर कमेटी की सिफारिशों पर हमने समीक्षा कर अफसर को सिफारिशों को तुरंत लागू करने के आदेश दिए हैं और कहा कि जल्दी ही सर्किल रेट का रिवीजन किया जाएगा जिससे कि नए कानून के अनुसार रेट रिवाइज हो सकें। किसान सभा के जिला संयोजक वीर सिंह नागर ने उपस्थित साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें संगठन को मजबूत करते हुए रात दिन के आंदोलन की तैयारी करनी है लगातार संघर्ष की जरूरत है जिससे कि हम अपने 10 परसेंट और नए कानून को लागू करने के मुद्दे को सफल कर सके। बैठक को संबोधित करते हुए सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि हम किसानों के संघर्ष के साथ है और आगे भी साथ रहेंगे और इस लड़ाई को निश्चित रूप से जीतेंगे। आज उपस्थित साथियों में महासचिव जगबीर नंबरदार, गुरप्रीत एडवोकेट, धर्मेंद्र एडवोकेट, अजी पाल, गंगेश्वर दत्त शर्मा, पुष्पेंद्र त्यागी, एडवोकेट अशोक भाटी, बाबा संतराम, ओमदत्त पंडित जी, नितिन चौहान, देशराज राणा, मुकेश खेड़ी, डॉक्टर जगदीश खेड़ी, गवरी मुखिया, निशांत रावल, शिशांत भाटी, संदीप भाटी, पप्पू ठेकेदार सुरेंद्र भाटी, जोगिंदर प्रधान, लोकेश भाटी, रणवीर मास्टर जी, यतेंद्र मैनेजर, सोनू समानिया, सतीश यादव, सूले यादव, सतबीर यादव, एमपी यादव, मुकुल यादव, ब्रह्म सिंह यादव, फिरे नागर, सतवीर नागर, नरेंद्र नागर, अजब सिंह नेताजी, अजब सिंह भाटी, भभूति, तेजपाल प्रधान, विजेंद्र रावल, केशव रावल, सुधीर रावल,संदीप भाटी आदि उपस्थित रहे। वही जगनपुर गांव ग्रेटर नोएडा में किसान एकता संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में किसान नेता डॉ रुपेश वर्मा, सुखबीर खलीफा, सोरण प्रधान, सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा सहित दर्जन ऑन किसान नेताओं को फूलमाला पहनाकर व पगड़ी बांध कर सम्मानित किया गया। और आंदोलन को नए रूप में विकसित करने के लिए विधिवत रुप से किसान संघर्ष मोर्चा गौतम बुध नगर के गठन का ऐलान किया गया।

भवदीय, डॉक्टर रुपेश वर्मा, अध्यक्ष, अखिल भारतीय किसान सभा, गौतम बुद्ध नगर ।

## हिन्दी सहित्य परिषद् भवन बुलंदशहर में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । में अखिल भारतीय साहित्य परिषद् के तत्वावधान में समिति के मुख्य आयोजक श्री अरविन्द भाटी जी द्वारा ,विश्व हिन्दी दिवस एवं महाकवि देवेन्द्र देव मिर्जापुरी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में दिनाँक 10.01.25 को हिन्दी सहित्य परिषद् भवन बुलंदशहर में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सिडनी ऑस्ट्रेलिया से पधारे सुप्रसिद्ध साहित्यकार श्री विजय कुमार सिंह द्वारा अध्यक्षता की गयी। महकवयित्री श्रीमती मधु चतुर्वेदी तथा डॉ. दिनेश शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे तथा डॉ. यतेंद्र कटारिया, डॉ. चेतन आनंद व डॉ. ललित कुमार सिंह व डॉ. कमलेश संजीदा जी व श्री रामनपाल सिंह की गरिमामई उपस्थिति में कार्यक्रम का सुसंचालन डॉ. अलोक बेजान व श्रीमती संगीता अहलावत ने सफलता पूर्वक किया ।उन्होंने कहा कि - समय जो भी गुजर जाए,नहीं वह लौट कर आए विख्यात कभी श्री रमेश प्रसून ने कहा कि -राष्ट्र का उत्थान हिन्दी से, राष्ट्र का सम्मान हिन्दी से हो रही है है विश्वभर में अब, राष्ट्र की पहचान हिन्दी से। देवेन्द्र देव मिर्जापुरी ने कहा कि -हिन्द को जयहिंद कहें भाषा का करें सम्मान, भारती का भाल हिन्दी भाषा से सजाइये। दिल्ली से आये





शायर एवं कवि अली अब्बास नौगांवी व श्री संजीव नादान एवं सुकवयित्री शुभ्रा पालीवाल ने श्री राम पर भावपूर्ण रचना पढ़ी। दादरी से आयी इशिका ईशु ने हिन्दी पर रचना पढ़ी ।गाज़ियाबाद से श्री अनिमेष शर्मा व खुर्जा से आये श्री प्रेम कुमार शर्मा प्रेम व सिकंन्द्राबाद से आये दिव्यहंस दीपक व शायर मौ0 जालिब तथा हिन्दी के विद्वान् डॉ. भास्करन यादव व जनपद के साहित्यकार एवं कवि डॉ. महेन्द्रसिंह %लिखन्तु% कौसर भारती, डॉ. कमल किशोर भारद्वाज व श्री किशोर अग्रवाल व बाबा बुलंदशहरी तथा डॉ. मधु मिश्रा एवं अन्य उपस्थित रहे श्री रमेश प्रसून वरिष्ठ साहित्यकार द्वारा विख्यात कवि श्री रामपाल शर्मा विश्वास जी पर प्रकाशित विशेषांक पत्रिका बुलंदप्रभा का एवं महाकवि देवेन्द्र देव मिर्जापुरी द्वारा रचित पौराणिक महाकाव्य महातापसी अहिल्या व डेजी रानी मिश्रा द्वारा रचित गीत संग्रह का विमोचन किया गया। इस अवसर पर हिन्दी सहित्य परिषद् के पदाधिकारियों की भी गरिमामई उपस्थिति रही ।संगीता अहलावत द्वारा सूचना दी गयी,विख्यात कभी रमेश प्रसून ने कहा कि राष्ट्र का उत्थान हिन्दी से, राष्ट्र का सम्मान हिन्दी से हो रही है है विश्वभर में अब, राष्ट्र की पहचान हिन्दी से संगीता अहलावत ने कहा कि - समय जो भी गुजर जाए नहीं वह लौट कर आए

## गढ़मुक्तेश्वर में किसानों ने भ्रष्टाचार गन्ना भुगतान एवं अन्य समस्याओं को लेकर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार

हापुड़। गढ़मुक्तेश्वर धरने का दूसरा दिन तहसील गढ़मुक्तेश्वर में किसानों ने भ्रष्टाचार गन्ना भुगतान एवं अन्य समस्याओं को लेकर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर किसानों ने तहसील में भट्टी चलवाई और खाना बनवाया। जब तक भ्रष्टाचारियों का इलाज नहीं हो जाता उनकी सेवा समाप्त नहीं होती इनको जेल नहीं भेजा जाता तब तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन चलता रहेगा। जीते चौहान कल दिनांक 13 जनवरी समय 12.00 बजे हाई कमान एवं संयुक्त किसान मोर्चा के आहान पर काले कानूनों की प्रितिया जलायीं जाएंगी। दिनेश त्यागी हर रोज एक ना एक मोमेंट विरोध प्रदर्शन में यहां से होते रहेंगे। फैजान प्रधान बदरखा पंचायत के अध्यक्षता श्री गजेंद्र त्यागी जी एवं संचालन श्री सेवाराम चौहान ने किया। इस मौके पर मेरठ मंडल अध्यक्ष जी चौहान मंडल प्रवक्ता दिनेश त्यागीसुनील चौहान मनोज प्रधान जी शिव कुमार फौजी सुनील भड़ाना अनुज चौहान मनोज त्यागी देवेश चौहान अनुज यादव दीपक यादव विकल्प गुर्जर पप्पू भाई फैजान प्रधान जी ताज मोहम्मद कृष्णा पंडित बबली चौहान खुर्शीद चौधरी देवांश चौहान पप्पू पठान सलीम कुरैशी धीरू चौहान जीराज चौहान राजेश चौहान मनवीर चौहान



शाहनवाज नौशाद चौधरी गुल्लू भाई प्रशांत त्यागी संसार सिंह इंद्रेश चौहान प्रवीण शर्मा सलीम भाई रईस प्रधान यशपाल सिंह नूर हसन मुकीम चौधरी सतपाल बदरखा मोहम्मद अंजार खान अरुण चौहान शिवम ऋतिक मनीष प्रिंस लकी गोलू आदित्य रोहित सेवक अशोक बॉबी त्यागी शान मोहम्मद भूरे भाई प्रवेश नजमुद्दीन आदि सैकड़ो किसान भाई उपस्थित रहे।

## 02 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे चोरी किया गया ऑटो, अवैध असलहा बरामद

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा पुलिस मुठभेड़ के उपरांत दो शातिर चोरो को चोरी किये गये ऑटो व अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर मुअसं 25/25 धारा 109/317(2) बीएनएस व 3/4/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-1-मोनू पुत्र श्याम सिंह निवासी मंजूरगढ़ी थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ़। 2-जितेन्द्र जोशी पुत्र राजू मौहल्ला मेम्बराज मिश्रा जी वाली गली थाना जहांगीराबाद जनपद बुलन्दशहर। बरामदगी का विवरण-1-01 ऑटो रिक्सा न0 UP-vyDT-5063 (चोरी का)2-01 तमंचा 315 बोर मय 01 खोखा कारतूस 3-01



अवैध चाकू गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा दिनांक 10.01.2025 की रात्रि में अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर लाल कुआ से भूड़ चौराहा जाने के लिए ऑटो बुक किया था। जब ऑटो चालक थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्रान्तर्गत गुलावठी अंडरपास के पास ग्राम चिरौली से पहले शौच करने के लिए रुका तभी अभियुक्तगण ऑटो लेकर भाग गये। उक्त घटना के सम्बन्ध मे थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं- 30/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है। *गिरफ्तार अभियुक्त मोनू का आपराधिक इतिहास-1.मुअसं- 30/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर। 2.मुअसं- 25/25 धारा 109/317(2) बीएनएस व 3/4/25 शस्त्र अधि0 थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर। गिरफ्तार अभियुक्त जितेन्द्र का आपराधिक इतिहास-1.मुअसं- 30/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर। 2.मुअसं- 25/25 धारा 109/317(2) बीएनएस व 3/4/25 शस्त्र अधि0 थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-1- श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात। 2-उ0नि0 वरुण शर्मा, उ0नि0 विजेन्द्र मलिक, उ0नि0 प्रदीप कुमार, उ0नि0 चन्द्रहास 3-है0का0 नितिन राणा, का0 शिवम तोमर

## पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा थाना खुर्जा देहात का किया गया वार्षिक निरीक्षण



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री रोहित मिश्र द्वारा थाना खुर्जा देहात का वार्षिक निरीक्षण/भ्रमण के दौरान थाना खुर्जा देहात पहुंचकर गार्द की सलामी ली गयी। इसके उपरान्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय द्वारा खर्जा देहात थाना कार्यालय के महिला हेल्प डेस्क, बन्दीगृह, अभिलेख, बीट बुक रजिस्टर, सीसीटीएनएस, शस्त्रागार, साफ-सफाई, मालखाना, मैस, आवासीय थाना परिसर, थाने में खडे वाहनों, आदि को चेक किया गया। महिला हैल्प डेस्क पर नियुक्त महिला कर्मचारियों द्वारा थाने पर अपनी समस्याओं को लेकर आने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रार्थना पत्रों के निराकरण, जांच का परिणाम इत्यादि को क्रमबद्ध तरीके से कम्प्यूटर में व्यवस्थित करने के लिए निर्देशित किया गया तथा थाने पर नियुक्त कर्मचारियों के साथ वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी खुर्जा देहात को अभिलेख पूर्ण करने, अभिलेखों का रखरखाव रखने, हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की निगरानी रखने व थाना परिसर को स्वच्छ रखने एवं प्रतिदिन थानाक्षेत्र में भ्रमणशील रहकर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने, महिला सम्बन्धी अपराधों पर रोकथाम आदि आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## छतारी थाने के एक दरोगा और एक दीवान का बंदर के प्रति दरियादिली का वीडियो वायरल

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश में गंगा के मैदानी इलाकों में भीषण ठंड पड़ रही है। पहाड़ों पर होने वाली बर्फबारी की वजह से पूरा उत्तर भारत शीत लहर की चपेट में है। यदि बुलंदशहर की बात की जाए, रात और सुबह के वक्त पारा 5 से 6 डिग्री जा रहा है। जिसकी वजह से आम-जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। आम इंसानों के साथ ही जानवरों को भी सर्दी का सितम झेलना पड़ रहा है। रविवार को एक ऐसी ही तस्वीर सामने आई है। ठंड से ठिठुर रहा बंदर छतारी थाना के अंदर घुस गया। सर्दी के कारण बंदर सिकुड़ गया था बंदर की हालत खराब हो गई थी। पुलिस कर्मीयो का भी यहां पर मानवीय चेहरा देखने को मिला। पुलिस कर्मीयो ने उसे अलाव जलाकर आग के सामने बैठाकर उसके बदन को आग से सेंका, तब जाकर उसे राहत मिली। पुलिस अपने कारनामों को लेकर सुर्खियों में रहती है। लोगों के मन में पुलिस क्षवि ठीक नहीं है। कुछ ऐसे मामले भी सामने आए हैं, जिसमें पुलिस का अमानवीय चेहरा देखने को मिला है। लेकिन रविवार को वायरल वीडियो ने पुलिस का मानवीय चेहरा देखने को मिला। पुलिस कर्मियों ने ठंड से ठिठुर रहे बंदर को अलाव जलाकर आग के सामने बैठाकर उसके हाथ पैर सेंके। इसके साथ ही उसे बिस्किट खिलाया, और पानी पिलाया। जब बंदर ठंड से राहत मिली, तो वो अपने आप चला गया।

## रेलवे ट्रेक से रेलवे के मोटर चोरी करने वाले गिरोह के 03 अभियुक्त गिरफ्तार

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान स्वाट टीम, थाना गुलावठी पुलिस व आरपीएफ टीम द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर रेलवे ट्रेक से रेलवे के मोटर चोरी करने वाले गिरोह के 03 अभियुक्तों को ग्राम अकबरपुर रेलवे अंडरपास बाग से मोटर के पार्ट्स, 02 लच्छे तांबे के तार, मोटर के कवर, चोरी करने के उपकरण आदि सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना गुलावठी पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-1-सुधीर उर्फ तोतला पुत्र किशन चंद निवासी ग्राम भमरा थाना गुलावठी जनपद बुलंदशहर ।2-फिरोज पुत्र बाबू निवासी उपरोक्त। 3-सलमान पुत्र फारूख निवासी उपरोक्त बरामदगी-1.मोटर के



पार्ट्स (चोरी के) 2.02 लच्छे तांबे का तार (मोटर का)3.01 मोटर का कवर (चोरी का) 4.चोरी करने के उपकरण-चांबी, रिन्छ, पैंचकस आदि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है जिनके द्वारा रेलवे ट्रेक से छेड़छाड़ करने व सामान चोरी करने की घटनाएं कारित की गयी है जिससे रेलगाड़ी के आवागमन के दौरान, रेलगाड़ी का पटरी से उतरकर दुर्घटनाग्रस्त होने से डी-रेलमेन्ट होने की प्रबल सम्भावना थी जिसपर तत्समय त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए स्वाट टीम, थाना गुलावठी पुलिस एवं आरपीएफ़ टीम द्वारा उक्त शातिर अभियुक्तों को गिरफ़्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा दिनांक 02.01.2025 को थाना गुलावठी क्षेत्रान्तर्गत न्यू गुलावठी रेलवे स्टेशन से पाइंट मशीन का मोटर चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध में थाना गुलावठी पर मुअसं- 23/25 धारा 303-(2)/324(5) बीएनएस व 150 रेलवे एक्ट पंजीकृत हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा दिनांक 10.11.2024 को थाना गुलावठी क्षेत्रान्तर्गत न्यू गुलावठी रेलवे स्टेशन से पाइंट मशीन के मोटर व बॉक्स के तार चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध में थाना गुलावठी पर मुअसं- 25/25 धारा 303(2)/324(5)/62 बीएनएस व 150 रेलवे एक्ट पंजीकृत हैं।

# अमृत स्नान के साथ शुरू होगा महाकुम्भ में कल्पवास, लाखों श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम

महाकुम्भ नगर । तीर्थराज प्रयागराज में त्रिवेणी संगम के तट पर सनातना आस्था के महापर्व, महाकुम्भ 2025 की शुरूआत होने जा रही है। महाकुम्भ में 40 से 45 करोड़ श्रद्धालुओं के प्रयागराज में आने का अनुमान है। जो गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र संगम में अमृत स्नान करेंगे। इसके साथ ही लाखों की संख्यां में श्रद्धालु संगम तट पर महाकुम्भ की प्राचीन परंपरा कल्पवास निर्वहन करेंगे। पौराणिक मान्यता के अनुसार श्रद्धालु एक माह तक नियमपूर्वक संगम तट पर कल्पवास करेंगे। जिसके लिए सीएम योगी के मार्गदर्शन में प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने विशेष इंतजाम किए हैं। कल्पवास की शुरूआत 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा की तिथि से होगी। 10 लाख श्रद्धालु करेंगे संगम तट पर कल्पवास महाकुम्भ सनातन आस्था का सबसे बड़ा आयोजन होने के साथ बहुत सी सनातन परंपराओं का वाहक भी है। इसमें से महाकुम्भ की एक महत्वपूर्ण परंपरा है संगम तट पर कल्पवास करना। शास्त्रीय मान्यता के अनुसार कल्पवास, पौष पूर्णिमा की तिथि से शुरू हो कर माघ पूर्णिमा की तिथि तक पूरे एक माह तक किया जाता है। इस महाकुम्भ में कल्पवास 13 जनवरी से शुरू होकर 12 फरवरी तक संगम तट पर किया जाएगा। शास्त्रों के अनुसार कल्पवास में श्रद्धालु नियमपूर्वक, संकल्पपूर्वक





एक माह तक संगम तट पर निवास करते हैं। वो कल्पवास के दौरान श्रद्धालु तीनों काल गंगा स्नान कर, जप,तप,ध्यान,पूजन और सत्संग करते हैं। महाकुम्भ 2025 में लगभग 10 लाख श्रद्धालुओं के कल्पवास करने का अनुमान है। कल्पवासियों के लिए किए हैं विशेष इंतजाम महाकुम्भ की विशेष परंपरा कल्पवास का निर्वहन करने के लिए प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने सीएम योगी की प्रेरणा से सभी जरूरी इंतजाम किए हैं। मेले क्षेत्र में गंगा जी के तट पर झूंसी से लेकर फाफामऊ तक लगभग 1.6 लाख टेंट, कल्पवासियों के लिए लगवाए गये हैं। इन सभी कल्पवासियों के टेंटों के लिए बिजली, पानी के कनेक्शन के साथ शौचालयों का निर्माण करवाया गया है। कल्पवासियों को अपने टेंट तक आसानी से पहुंचने के लिए चेकर्ड प्लेटस् की लगभग 650 किलोमीटर की अस्थाई संडकों और 30 पांटून पुलों का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही सीएम योगी के निर्देश के मुताबिक कल्पवासियों को महाकुम्भ में सस्ती दर पर राशन और सिलेंडर भी उपल्ब्ध करवाया जाएगा। कल्पवासियों के गंगा स्नान के लिए घाटों के निर्माण किया गया है। उनकी सुरक्षा के लिए जलपुलिस और गंगा नदी में बैरीकेड़िंग भी की गई है। ठंड से बचाव के लिए अलाव और स्वास्थ संबंधी समस्या दूर करने के लिए मेला क्षेत्र में अस्पतालों का भी निर्माण किया गया है। कल्पवास का पूजन करवाने वाले तीर्थपुरोहित, प्रयागवालों को भी विशेष सुविधाएं दी गई हैं। महाकुम्भ की भव्यता और व्यवस्था देख इटली के युवकों ने की तारीफ प्रयागराज में सजे महाकुम्भ मेले की भव्यता और दिव्यता को निहारने न सिर्फ भारत के कोने-कोने से बल्कि पूरी दुनिया से लोग यहां पहुंच रहे हैं। भारतीय संस्कृति और परंपरा से प्रभावित इटली के तीन दोस्त महाकुम्भ का मेला देखने पहुंचे हैं और यहां मेला परिसर में शिविर में ठहरे हैं। संन्यासी वस्त्र धारण कर घूम रहे युवकों में से एक ने कहा कि उसे ऐसा अहसास होता है कि वह पिछले जन्म में भारतीय था। पीटरों ने बातचीत में कहा कि मैं योगा का प्रैक्टिशनर हूँ। मुझे भारतीय संस्कृति के बारे में कुछ-कुछ जानकारी है। कुम्भ मेला सनातन धर्म का सबसे बड़ा आयोजन है।

यह पहला अवसर है जब मैं कुम्भ मेला घूमने आया हूँ। मेरे दोस्त यहां आने की योजना बना रहे थे तो मैं भी शामिल हो गया। स्टीफेनो ने कहा कि मैं पहली बार कुम्भ आया हूँ। रूस के रहने वाले मेरे कुछ साधु मित्रों ने मुझे कुम्भ के बारे में बताया। वे भारत में आकर नागा साधु बन चुके हैं। इटली के एमा महाकुम्भ के आयोजन से काफी प्रभावित दिखाई दिए। एमा ने कहा कि %मैं यहां पहली बार आया हूँ। मैं योगा का शिक्षक हूँ। कई भारतीय मेरे मित्र हैं। मुझे भारतीय संस्कृति पसंद है। मुझे लगता है कि इससे पहले के जन्म में मैं इंडियन था। भारत का संगीत, भजन, कीर्तन, सब कुछ मुझे काफी पसंद है। यहां महाकुम्भ मेले की व्यवस्थाएं काफी अच्छी हैं।

# ब्रज मण्डल में किए जा रहे सेवा कार्यों के लिए सम्मानित हुईं- श्रीमती मनप्रीत कौर




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

वृन्दावन। मोतीझील क्षेत्र स्थित श्री घीसासंत महामण्डल आश्रम में धर्म सम्राट श्रीमहंत ज्ञान दास महाराज (अयोध्या) की परम् शिष्या एवं संकट मोचन सेना (पंजाब प्रान्त) महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मनप्रीत कौर को नई दिल्ली के भारत मंडपम में अटल नारायणी शिखर सम्मान प्राप्त होने पर वृन्दावन के संत, महन्त, ब्रजवासी एवं विप्रो ने उनका नागरिक अभिनंदन करते हुए उनको बधाई दीं। इस अवसर पर प्रख्यात चित्रकार द्वारिका आनंद ने कहा कि आज ही के दिन अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्रतिमा की स्थापना हुई थी इसी संदर्भ में बहन मनप्रीत कौर को हम स्वयं स्वर्ण निर्मित भगवान श्रीराम का चित्रपट सामूहिक रूप से देकर एवं शॉल व पटुका ओढ़ाकर उनका सम्मान कर रहे हैं। ब्रज भूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ एवं ब्रज सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि श्रीमती मनप्रीत कौर सदैव से ही सेवा कार्यों में संलग्न रही हैं।उनके द्वारा समूचे देश में संत सेवा, ब्रजवासी सेवा, दीन दुखियों की सेवा, मन्दिरों की सेवा, अन्न,वस्त्र व धन देकर की जाती रही है।भगवान उनको दीर्घायु प्रदान करें और समाजसेवा में उनका योगदान मानव मात्र को मिलता रहे। सम्मानित हुईं श्रीमती मनप्रीत कौर ने कहा कि सभी संत, ब्रजवासियों व मंदिर-देवालयों के सेवायतों का मुझे आशीर्वाद प्राप्त है। मैं निरंतर इन्हीं की सेवा में संलग्न रहूंगी यही मेरा दृढ़ संकल्प है। कार्यक्रम में प्रख्यात भागवताचार्य श्रीहरि सुरेशाचार्य महाराज, काशी विद्वत परिषद के कार्ष्णि नागेन्द्र महाराज, आचार्य मनोज शास्त्री, आचार्य अंशुल पाराशर, ज्योतिषाचार्य लक्ष्मी नारायण शर्मा, डॉ. राधाकांत शर्मा, नारद भक्ति आश्रम के अध्यक्ष विमल चैतन्य महाराज, संत देवदत्त बाबा महाराज, संत सेवानंद ब्रह्मचारी, आचार्य शिव कृष्ण महाराज, आचार्य भूपेंद्र महाराज, गौरव कृष्ण उपाध्याय, दीपक मिश्रा आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।संचालन डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम के अंतर्गत श्रीराधा दामोदर मंदिर के वरिष्ठ सेवायत आचार्य करुण गोस्वामी महाराज ने श्रीराधा दामोदर महाराज का चित्रपट व 56 भोग प्रसाद आदि देकर उनको सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन संत, ब्रजवासी वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ हुआ। जिसमें सैकड़ों भक्तों-श्रृद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

# संक्षिप्त समाचार

## स्पाडेक्स मिशन पूरा होने के करीब - इसरो

बेंगलुरू । भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार को स्पाडेक्स (स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट) मिशन की प्रगति पर एक रोमांचक अपडेट देते हुये कहा कि यह एक ऐतिहासिक डॉकिंग घटना के करीब पहुंच गया है। इसरो ने 'एक्स' पर पोस्ट किए गए एक बयान में खुलासा किया, 15 मीटर की दूरी पर हम एक-दूसरे को और अधिक स्पष्ट रूप से देखते हैं, हम रोमांचक 'हैंडशेक' के लिए सिर्फ 50 फीट की दूरी पर हैं। यह मिशन भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिसका उद्देश्य कक्षा में स्वायत्त डॉकिंग क्षमता का प्रदर्शन करना है, जो मानव अंतरिक्ष उड़ान और गहरे अंतरिक्ष मिशन सहित उन्नत अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए एक महत्वपूर्ण तकनीक है। स्पोडेक्स पर इसरो के मिशन नियंत्रण द्वारा बारीकी से निगरानी की गई है और वैज्ञानिक एक सफल डॉकिंग प्राप्त करने के बारे में आशावादी हैं। एक अधिकारी ने टिप्पणी की, यह हमारी इंजीनियरिंग और नवाचार का एक प्रमाण है, जो अत्याधुनिक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में नेतृत्व करने की भारत की क्षमता को प्रदर्शित करता है। आगे के अपडेट की प्रतीक्षा है क्योंकि मिशन डॉकिंग अनुक्रम के अंतिम चरण में प्रवेश कर रहा है।

## पूर्व मंत्री रवींद्र चव्हाण महाराष्ट्र के नये भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

मुंबई । विधायक और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री रवींद्र चव्हाण को तत्काल प्रभाव से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यहां यह जानकारी दी। श्री चव्हाण (54) ठाणे जिले के डोंबिवली से चार बार के विधायक हैं, जिन्होंने राज्य मंत्री के रूप में भी काम किया था और 2022 से 2024 तक कैबिनेट मंत्री थे, लेकिन नई भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति सरकार में उन्हें मंत्री के रूप में शामिल नहीं किया गया था। ऐसी अटकलें हैं कि वह राज्य भाजपा अध्यक्ष के रूप में राजस्व मंत्री का पदभार संभालने वाले चंद्रशेखर बावनकुले की जगह ले सकते हैं।

## तेजस्वी, अखिलेश, ओवैसी जैसे लोगों को कुंभ से दिक्कत - गिरिराज

पटना । भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने महाकुंभ के बहाने विरोधियों पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कुंभ से देश और विदेशियों के सनातनियों में खुशी की लहर है। अगर कुंभ से दिक्कत है तो तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, ओवैसी जैसे लोगों को है, जो देश में शरिया कानून लाना चाहते हैं। ऐसे लोगों को कुंभ से नफरत है। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल से जुड़े एक प्रश्न के उत्तर में केंद्रीय मंत्री ने कहा, अब अरविंद केजरीवाल की पार्टी दिल्ली में है कहां? केजरीवाल मतलब लोगों की नजर में एक फ्रॉड, लोगों को धोखा देने वाला नमक हराम, बिहारियों को गाली देने वाला व्यक्ति, इस रूप में अब लोग देखते हैं। इस बार जनता उनको सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि वह तो कहते हैं कि बिहारी 500 रुपये का टिकट लेकर आता है और यहां चोरी, डकैती करता है। राजद नेता तेजस्वी यादव के बिहार में डीके टैक्स से जुड़े एक बयान के विषय में पूछने पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि दिल्ली में एक प्राइवेट लिमिटेड पार्टी थी, गांधी नेहरू प्राइवेट लिमिटेड पार्टी। इसके एमडी सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका हैं। बिहार में भी इसी तरह एक पार्टी है, राजद लिमिटेड कंपनी है, जिसके सीएमडी लालू यादव और बिहार ब्रांच के एमडी तेजस्वी यादव हैं। ये प्राइवेट लिमिटेड पार्टी के लोग हैं। ये लोग न समाजवादी हैं और न इन्होंने कभी गरीबी देखी है, ये केवल गरीबी पर मजाक करने वाले लोग हैं। इंडी गठबंधन की टूट पर गिरिराज सिंह ने कहा कि इस गठबंधन का निर्माण नरेंद्र मोदी के खिलाफ हुआ था। ये अकेले मोदी से लड़ नहीं सकते थे। ये लोग देश के अंदर हो या बाहर, देश को गाली देते हैं। असल में ये स्वार्थी लोग हैं और जब स्वार्थ की टकराहट होगी तो बटेंगे ही।

## राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने विवेकानंद जयंती पर श्रद्धाजलि अर्पित की

नई दिल्ली । राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा है कि स्वामी जी ने भारत के लोगों में एक नया आत्मविश्वास का संचार किया और पश्चिम को भारत की आध्यात्मिक शक्ति का एक सशक्त संदेश दिया। सुश्री मुर्मु ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, स्वामी विवेकानन्द को उनकी जयंती पर मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। स्वामी जी ने भारत के महान आध्यात्मिक संदेश को पश्चिमी दुनिया तक पहुंचाया। उन्होंने भारत के लोगों में एक नये आत्मविश्वास का संचार किया। स्वामीजी ने युवाओं को अपनी क्षमता उजागर करने, राष्ट्र निर्माण की दिशा में काम करने और मानवता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। उनकी विरासत दुनिया भर के अनगिनत लोगों को प्रेरित करती रहती है।

# धर्म-संस्कृति के विकास में सेवायतों की भूमिका महत्वपूर्ण- आचार्य पद्मनाभ गोस्वामी

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

वृन्दावन। बिहारी पुरा स्थित श्रीहरिदास पीठ में श्रीहरिदास बिहारी फाउंडेशन, भारत ट्रस्ट के वार्षिक समारोह के उपलक्ष्य में चल रहे पंच दिवसीय कर्तव्योत्सव के तीसरे दिन श्रीरामकृपा महोत्सव व श्रीस्वामीहरिदास जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ आयोजित हुआ।जिसके अंतर्गत रमणरेती रोड़ स्थित देव रेजिड़ेंसी होटल सेवायतों, समाजसेवियों व गणमान्य नागरिकों का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला संघ चालक दासबिहारी अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि उ.प्र. ब्रज तीर्थ विकास परिषद के समन्वयक चंद्रप्रताप सिंह सिकरवार, कार्यक्रम अध्यक्ष शिक्षाविद आचार्य पद्मनाभ गोस्वामी, ट्रस्ट संस्थापक श्रीहरिदास पीठाधीश्वर इतिहासकार आचार्य प्रहलाद बल्लभ गोस्वामी एवं प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से श्रीबाँकेबिहारी, श्रीस्वामी हरिदासजी महाराज एवं श्रीरामचंद्र प्रभु के चित्रपटों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन करके किया। तदोपरान्त सम्पन्न सेवायत सभा में मुख्य अतिथि दासबिहारी अग्रवाल ने कहा कि ब्रजमण्डल में श्रीहरिदासबिहारी फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा पिछले वर्ष की भांति इस बार भी भव्य



रूप से आयोजित हुये श्रीरामकृपा महोत्सव के आयोजन से धार्मिक सामंजस्य पुष्ट हुआ है। इस समारोह की सम्पूर्ण जानकारी श्रीराममंदिर ट्रस्ट के महासचिव चम्पतरायजी को भेजी जा रही है। ताकि भविष्य में उक्त दोनों ट्रस्ट मिलकर अभूतपूर्व आयोजन कर सकें। विशिष्ट अतिथि चंद्रप्रताप सिंह सिकरवार ने कहा कि श्रीरामकृपा व श्रीस्वामीहरिदास जन्मोत्सव के सम्मिलित आयोजन में ब्रज तथा अयोध्या के प्राचीन संबंध के दर्शन हुये हैं। इस अनूठे कार्यक्रम हेतु इतिहासकार आचार्य प्रहलादबल्लभ गोस्वामी धन्यवाद के पात्र हैं। कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीराधारमण मंदिर के वरिष्ठ सेवायत, शिक्षाविद् आचार्य पद्मनाभ गोस्वामी महाराज ने कहा कि धर्म-संस्कृति के विकास में सेवायत समाज की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस लिये सभी सेवायतों क़ो अपने व्यक्तिगत स्वार्थ क़ो दरकिनार कर अंतरराष्ट्रीय सेवायत परिषद से जुड़कर सामाजिक हित-चिंतन करते हुये सेवायती संस्कृति के संरक्षण हेतु रचनात्मक प्रयास करते रहने चाहिए। फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष एवं श्रीबाँकेबिहारीजी महाराज के सेवायत, इतिहासकार, आचार्य प्रहलाद बल्लभ गोस्वामी ने कहा कि भक्त एवं भगवान की सेवा से संबद्धता ईश्वरीय कृपा से प्राप्त होती है। प्रख्यात साहित्यकार डॉक्टर गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में सेवायत समाज के क्रिया-कलापों पर समूचे जनमानस की निगाहेँ टिकी हुईं हैं। इसीलिए सभी सेवायत उच्चतम सेवा भावना व सामूहिकता का प्रदर्शन करें तो उचित रहेगा। श्रीराधारमण मंदिर पंचायत कमेटी के मंत्री आचार्य पंकज गोस्वामी ने कहा कि हम सभी सेवायतों को मायावी संसार से दूर रहते हुये अधिकाधिक सेवाकार्यों से ही जुडा रहना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय सेवायत परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष व श्रीराधाबल्लभ लालजी के सेवायत श्रीहित आचार्य योगेंद्र बल्लभ गोस्वामी ने कहा कि बाहरी लोग अपनी अधार्मिक अति सक्रियता के चलते ब्रजधाम की पुराण वर्णित छवि धूमिल करने के प्रयास कर रहे हैं, जिन पर लगाम कसना आवश्यक है। संगीताचार्य डॉ. राजेंद्र कृष्ण अग्रवाल रजक ने ज़ब काव्य के माध्यम से ब्रज वृन्दावन की का वर्णन किया तो उपस्थितजन भाव-विभोर हो उठे। इस अवसर पर श्रीमदनमोहन मंदिर के सेवायत विजयकिशोर गोस्वामी, श्रीराधादामोदर मंदिर के सेवायत दामोदर गोस्वामी, कालीमर्दन मंदिर के सेवायत मुकेश पुरोहित, खैरादेवत मंदिर के सेवायत नवीन पुरोहित, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, अधिवक्ता अमित गौतम (पिंटू भैया), पत्रकार विष्णु शर्मा व अनिल तायल ने भी विचार व्यक्त किये। समारोह के अंतर्गत फाउंडेशन के निदेशक व ट्रस्टी उपाध्यक्ष विजय कुमार गर्ग एवं फाउंडेशन के अध्यक्ष व ट्रस्टी उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल ने समस्त सेवायत आचार्यजनों को माल्यार्पण कर, शॉल ओढ़ाकर एवं छवि, सत्साहित्य, प्रसाद आदि देकर अभिनन्दन किया। कार्यक्रम में ट्रस्टी कोषाध्यक्ष निवेदिता गोस्वामी, रेनू गर्ग, गीता तायल, अनुभा अग्रवाल, विजयलक्ष्मी गोस्वामी, मुस्कान गोस्वामी, गुंजन गोस्वामी, प्रवर्तिका गोस्वामी, आचार्य विप्रांश बल्लभ गोस्वामी आदि की उपस्थिति विशेष रही।संचालन आचार्य प्रहलाद वल्लभ गोस्वामी ने किया।

# संभल में बन रही 65 फीट ऊंची भगवान राम की प्रतिमा, मुख्यमंत्री योगी जल्द करेंगे उद्घाटन

संभल । उत्तर प्रदेश के संभल जिले का चंदौसी एक बार फिर चर्चा में है। अब यहां भगवान राम की 65 फीट ऊंची विशाल प्रतिमा का निर्माण कराया जा रहा है। करीब डेढ़ साल से निर्माणाधीन भगवान श्री राम की प्रतिमा लगभग बनकर तैयार है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रामबाग धाम ट्रस्ट को पत्र भेज शुभकामनाएं दी हैं। रामबाग ट्रस्ट के पदाधिकारी अमित कुमार जनपद संभल के चंदौसी में मिनी वृंदावन रामबाग में करीब 65 फीट ऊंची भगवान राम की प्रतिमा का निर्माण हो रहा है। यह 31 मई 23 से निरंतर बन रही है। मुख्यमंत्री योगी इस प्रतिमा का अनावरण करेंगे। यह कार्य बहुत तेज गति से चल रहा है। फिलहाल धाम का सौंदर्यीकरण चल रहा है। जैसे ही यहां का कार्य पूरा हो जाएगा, मुख्यमंत्री यहां आएंगे। उन्हीं के द्वारा मूर्ति का अनावरण किया जाएगा। भगवान श्री राम की विशाल प्रतिमा के निर्माण की जानकारी होने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रामबाग धाम ट्रस्ट को एक पत्र भेजा है। पत्र में दोनों ने भगवान श्री राम की प्रतिमा के निर्माण के लिए शुभकामना संदेश भेजा है। ट्रस्ट के लोगों ने बताया कि भगवान श्री राम की यह प्रतिमा भव्य एवं अलौकिक है, क्योंकि इसमें जहां भगवान श्री राम एक हाथ में धनुष लेकर खड़े हैं, तो वही दूसरा हाथ आशीर्वाद की मुद्रा में है। यही नहीं, विशाल प्रतिमा के समीप ही अशोक वाटिका का भी निर्माण किया जा रहा है।

# शातिर गौकश बदमाश के साथ थाना कोतवाली नगर पुलिस की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 10,000/- रूपये का पुरस्कार घोषित बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर । अवगत कराना है कि रात्रि को थाना कोतवाली नगर पुलिस एक अभिसूचना के आधार पर खालसा तिराहे पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी तभी एक बाइक पर 02 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये जिनको रूकने का इशारा किया गया तो नही रुके बल्की बाइक को तेजी से मोड़कर बदनौरा पुल की तफर भागने का प्रयास करने लगे। जिसपर बदमाशो की बाइक ज्ञानलोक कॉलोनी के पास अनियन्त्रित होकर फिसल गयी। बदमाशों द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसे गिरफ्तार किया गया व दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भागने में सफल रहा। जिसकी कांबिंग कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान शानू उर्फ नन्हे पुत्र महबूब निवासी ग्राम उझाती थाना सैदनगली जनपद अमरोहा के रुप में हुई हैं। जिसको उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व बाइक बरामद हुई है।

उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म का अपराधी हैं। अभियुक्त शानू उर्फ नन्हे थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत मुअसं 1143/24 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधि0 में वांछित चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर 10,000/- रूपये का पुरस्कार घोषित किया गया था



अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-1.शानू उर्फ नन्हे पुत्र महबूब निवासी ग्राम उझाती थाना सैदनगली जनपद अमरोहा। बरामदगी- 1-01 स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (UPvx BV 5150) 2-01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा, 01 खोखा कारतूस।अभियुक्त शानू उर्फ नन्हे का आपराधिक इतिहास- 1-मुअसं-511/14 धारा 398/401 भादवि थाना सहसवान जनपद बदायूँ। 2-मुअसं-02-5045/18 धारा 379/411 भादवि थाना ई पुलिस स्टेसन एमवीएक्ट दिल्ली। 3-मुअसं-021895/18 धारा 379/411 भादवि थाना महरौली दिल्ली। 4-मुअसं-019282/18 धारा 379/411/34 भादवि थाना ई पुलिस स्टेसन एमवीएक्ट दिल्ली। 5-मुअसं-02393-0/18 धारा 379 भादवि थाना ई पुलिस स्टेसन एमवीएक्ट दिल्ली। 6-मुअसं-80046980/24 धारा 356/379/34 भादवि थाना कृष्णानगर दिल्ली। 7-मुअसं-257/24 धारा 356/379/34 भादवि व 102 सीआरपीसी थाना कृष्णानगर दिल्ली। 8-मुअसं-1143/24 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधि0 थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर। 9. मुअसं-512/24 धारा 4/25 आयुध अधि0 थाना सहसवान जनपद बदायूँ। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम- 1-श्री अनिल कुमार शाही प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर। 2-उ0नि0 विमल कुमार, उ0नि0 धर्मवीर सिंह, उ0नि0 राहुल कौशिक। 3-है0का0 कपिल, है0का0 कुल्दीप राठी, है0का0 मोहित मलिक।

# स्वामी विवेकानंद ने वैश्विक पटल पर सनातन संस्कृति को किया प्रतिष्ठित - सीएम योगी

गोरखपुर । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने उस कालखंड में जब देश गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था, वैश्विक पटल पर सनातन वैदिक संस्कृति को प्रभावी ढंग से प्रतिष्ठित किया। इस युवा संन्यासी ने अपने विचारों और आचरण की साम्यता से राष्ट्र के प्रति चेतना जागृत करने में बड़ी भूमिका निभाई है। गुलामी के कालखंड में सनातन वैदिक मूल्यों की चर्चा दुरूह होने के बावजूद स्वामी विवेकानंद ने 'गर्व से कहो हम हिंदू हैं' का उद्घोष किया। सीएम योगी रविवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस नगर कॉलोनी में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती 'युवा दिवस' के अवसर पर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद विद्यालय के पूर्व छात्रों के सम्मेलन को संबोधित किया। विद्यालय के रज्जू भैया सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उनकी स्मृतियों को नमन करते हुए कहा कि महज 42 वर्ष की उम्र में नश्वर काया को छोड़ देने वाले स्वामी विवेकानंद ने सदैव भारत और भारतीयता की बात की। उनकी जयंती पर आज पूरा देश उन्हें भारत माता के महान सपूत और राष्ट्रीय-आध्यात्मिक गुरु के रूप में याद कर उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने शिकागो समिट में जब भारतीय सनातन मूल्यों को वैश्विक मंच पर रखा तो उनके वक्तव्य को सुनकर दुनिया मंत्रमुग्ध और भाव-विभोर हो गई। स्वामी जी ने सबको जागरूक करते हुए कहा था



कि सनातन धर्म सबसे प्राचीन धर्म है। हर भारतवासी को इस पर गौरव की अनुभूति करनी चाहिए। स्वामी जी की शिक्षा है कि हम सबका एक ही धर्म होना चाहिए, राष्ट्रधर्म।

उन्होंने कहा कि भारत ने स्वामी विवेकानंद के विचारों का अनुसरण किया तो देश को आजाद होने में समय नहीं लगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज स्वामी विवेकानंद का नाम सभी लोग लेते हैं लेकिन हिंदुत्व का उद्घोष करने वाले संन्यासी को वामपंथी कैसे स्वीकार करते। स्वामी विवेकानंद के विचारों को सरस्वती शिशु मंदिरों ने हमेशा अंगीकार किया। स्वामी जी के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए देशभर में सरस्वती शिशु मंदिरों की लंबी श्रृंखला है। सीएम योगी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का मानना था कि चुनौती जितनी कठिन होगी, उसके अनुरूप परिश्रम करने पर जीत और शानदार होगी। उनके अनुसार परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता है। स्वामी जी के आदर्शों पर चलकर कठिन चुनौतियों का सामना करते हुए भारत आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हो गया है और तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। इससे प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी, शिक्षा, स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर के नए दौर की शुरुआत होगी। भारत वैश्विक टेक्नोलॉजी का हब बनेगा। देश में हर चेहरे पर खुशहाली होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि स्वामी जी के आदर्शों के अनुरूप युवाओं को समय के अनुकूल सक्षम बनाने के लिए स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 2 करोड़ युवाओं को टैबलेट-स्मार्टफोन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों के अनुरूप शिक्षा देने और राष्ट्रीयता का भाव जागृत करने के लिए सरस्वती शिशु मंदिर की शुरुआत नानाजी देशमुख ने गोरखपुर से की थी। उन्होंने कहा कि आज इन शिक्षा मंदिरों के जरिए जनजातीय क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं।

यदि इन कार्यों को तत्कालीन सरकारों ने समय रहते किया होता तो आज वहां अराजकता की यह स्थिति नहीं होती। मुख्यमंत्री ने बताया कि आज नानाजी देशमुख के नाम पर एक पार्क का शिलान्यास किया गया है। नानाजी देशमुख ने ग्रामीण विकास और वनवासी क्षेत्रों के विकास का जो मॉडल दिया है, वह आज भी अनुकरणीय है।

# माल्यार्थ फाउंडेशन द्वारा माल्यार्थ युवा समग्र संगोष्ठी एवं सेवा साधना सम्मान समारोह का आरएसडी अकैडमी में किया आयोजन




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर । स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अनेक स्थानों पर अनेक प्रकार के कार्यक्रम होते आ रहे जिसमें अनेक संस्थाएं एवं कॉलेज पर चढ़कर प्रतिभाग कर रहे। ऐसे में माल्यार्थ फाउंडेशन भी पीछे नहीं है जिसने आरएसडी एकेडमी मुरादाबाद में कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर जयपाल सिंह वयस्त सदस्य विधान परिषद रहे जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिन्होंने भारत के विकास में युवाओं की भूमिका पर अपने विचार रखें। और बताया कि युवा अनेक क्षेत्रों में अपनी कुशलता को दिखाते हुए करियर को बना सकते हैं और देश की सेवा कर सकते है। अपनी प्रतिभा को उभारे और देश को महान बनाने में अपना योगदान करें। कार्यक्रम में मालायार्थ फाउंडेशन द्वारा अनेक कवि, साहित्यकार, मॉडल एक्टर, मीडियाकर्मी को अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए स्मृति चिन्ह एवं पटका पहनाकर किया सम्मानित। देश के दूरदराज राज्यों एवं जनपदों से कार्यक्रम में पधारे। जिसमें अनेक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में किया प्रतिभाग, संस्था द्वारा विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर किया पुरस्कृत। कार्यक्रम में की अध्यक्षता आचार्य देवेंद्र देव वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार मुख्य संरक्षक एवं संचालन कोमल वत्स प्रदेश संयोजिका हरियाणा द्वारा गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता बाबा संजीव आकांक्षी राष्ट्रीय महामंत्री, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर रंजन बीशद क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी, एवं डॉक्टर विनोद कुमार चैयरमेन आरएसडी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, सपना शमी, सपना शमी मॉडल, एक्टर, मिस बरेली, मेजर डॉक्टर मीनू मेहरोत्रा मनोवैज्ञानिक, विशाखा अग्रवाल शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण, डॉक्टर दिशा भटनागर शास्त्रीय संगीत, अंशिका बिश्नोई खेल, कशिश चौहान योग एवं समाज सेवा, वंशिका बिश्नोई खेल, डॉक्टर वैशाली वर्मा ने साहित्य के क्षेत्र में देश का किया नाम रोशन। जिसमें शुभंकर सिंह जिला संयोजक, शुभम कश्यप जिला सहसंयोजक, जितेंद्र वर्मा निश्चल संस्थापक , अंकित श्रीवास्तव राष्ट्रीय महासचिव, लक्ष्मण सिंह पवार राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष द्वारा विशेष योगदान रहा।